


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 345 | ग्वालियर, 11 अक्टुबर बुधवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### पीएम मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर की बात, कहा- मुश्किल घड़ी में हम साथ हैं



हमास के किए गए रॉकेट हमले के बाद जारी जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर मंगलवार (10 अक्टूबर) को बात की. पीएम मोदी ने बताया कि नेतन्याहू ने फोन किया था और मैंने इस दौरान उनसे कहा कि मुश्किल समय में हम आपके साथ हैं. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू का फोन करके मुझे स्थिति पर अपडेट देने के लिए धन्यवाद देता हूं. भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजरायल के साथ मजबूती से खड़े हैं. भारत आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा करता है.

**पीएम मोदी ने बताया था आतंकी हमला** –पीएम मोदी ने फलस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास के शनिवार (7 अक्टूबर) को इजरायल पर किए गए रॉकेट हमले को पहले भी आतंकी हमला करार दिया था. उन्होंने एक्स पर शनिवार को लिखा था, इजरायल में हुए आतंकी हमले की खबर से स्तब्ध हूं. हमारी संवेदनाएं मृतकों के परिवार के साथ है

**अभी क्या स्थिति है–** एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, इजरायल ने गाजा स्ट्रिप पर एयरस्ट्राइक बढ़ाकर इसकी पूर्ण घेराबंदी कर दी है. गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल हमलों में 680 से अधिक लोग मारे गए हैं और 3,700 से अधिक लोग घायल हुए हैं. वहीं अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल में 900 से अधिक लोगों की जान चली गई है. इस बीच हमास की सैन्य शाखा ने धमकी दी है कि जब-जब इजरायल गाजा के नागरिकों को उनके घरों में बिना किसी पूर्व चेतावनी'के निशाना बनाएगा, वह तब-तब एक इजरायली बंधक नागरिक की हत्या करेगा.

### मध्य प्रदेश में सीएम पद की पहली पसंद कौन? सर्वे में इस नेता का नाम टॉप पर



मध्य प्रदेश में मतदान की उलटी गिनती शुरू हो गई है. चुनाव के नतीजों के बाद ही शिवराज सिंह चौहान के काम का असली फैसला होगा लेकिन इससे पहले एबीपी न्यूज़ और सी- वोटर ने सर्वे के जरिए मध्य प्रदेश की जनता से ये जानने की कोशिश की है कि आखिर बतौर मुख्यमंत्री उनकी पहली पसंद कौन है. तो आइए जानते हैं जनता की इसको लेकर क्या राय है.

**क्या है जनता की राय**--वोटर के सर्वे के मुताबिक मध्य प्रदेश की जनता की शिवराज सिंह चौहान और कमलनाथ के बीच सीएम पद की पसंद मिलती जुलती दिखाई दी. जबकि ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह के लिए बतौर मुख्यमंत्री बहुत ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखी.

**कौन है सबसे आगे**–सर्वे के मुताबिक 43 फीसदी लोगों ने शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री पद की पहली पसंद बताया है. इसके अलावा 42 फीसदी लोग ऐसे हैं जो कमलनाथ के मुख्यमंत्री पद पर देखना चाहते हैं. इसके अलावा ज्योतिरादित्य सिंधिया को दस जबकि दिग्विजय सिंह को महज दो फीसदी लोगों ने अपनी पसंद बताया है. वहीं तीन प्रतिशत लोग ऐसे हैं जिन्हें इन चारों नेताओं में से बतौर सीएम कोई पसंद नहीं है. मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम में चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है. के लिए सी वोटर ने ओपिनियन पोल किया है. इसमें करीब 90 हजार लोगों से बात की गई है. सर्वे 1 सितंबर से 8 अक्टूबर के बीच किया गया है. सर्वे में मार्जिन ऑफ एरर प्लस माइनस 3 से प्लस माइनस 5 फीसदी है.)

### अवैध खनन रोकने के लिए ड्रोन से होगी निगरानी,सीएम सुक्खू ने पुलिस विभाग को दी जिम्मेदारी

हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में तीन साल बाद आयोजित प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन की अध्यक्षता की. सीएम सुक्खू ने राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप परियोजनाओं की समीक्षा कर इन्हें लागू करने में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना, ई-चार्जिंग स्टेशन और राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी ली.सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को अवैध खनन रोकने के लिए ड्रोन से निगरानी करने के निर्देश दिए हैं. इसके अलावा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अलग-अलग स्थानों पर नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी बल दिया. सीएम ने सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस, राज्य कर एवं आबकारी और वन विभाग के कर्मचारियों की एकीकृत चौकियां स्थापित करने के निर्देश दिए. 10 साल में देश का सबसे समृद्ध राज्य बनने की बात दोहराईसीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वे सत्ता सुख के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए हैं

# चुनाव आने पर नए कपड़े पहनकर आ जाते हैं अमित शाह का विपक्षी गठबंधन इंडिया पर वार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तेलंगाना में 30 नवबंर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर यहां के दौरे पर हैं. उन्होंने मंगलवार को राज्य के आदिलाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस का जिक्र कर विपक्षी गठबंधन इंडिया पर हमला किया. बीजेपी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर इशारा करते हुए कहा, आपको बताना चाहता हूं कि कांग्रेस वाले चुनाव आने पर नए कपड़े पहनकर आ जाते हैं. मैं राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस वाली यूपीए (क्क) की सरकार थी तो



आदिवासियों के कल्याण के लिए 2013-14 में 24 हजार करोड़ रुपये का बजट था. ये 2023-24 में बढ़कर 1 लाख 24 हजार करोड़ रुपये का हो गया.शाह ने आगे कहा कि इंडी गठबंधन वाली सभी पार्टियां और सीएम केसीआर भी कश्मीर में धारा 370 को हटाने का विरोध कर रहे थे. धारा 370 के हटने से अब कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया है.

**अमित शाह ने क्या कहा–** अमित शाह ने दावा किया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर ने गरीबों, दलितों, आदिवासियों और किसानों के लिए काम नहीं किया. केसीआर ने 10 साल में केवल एक ही योजना पर काम किया कि कैसे अपने बेटे केटी रामाराव को मुख्यमंत्री बनाएं.

## हमास का आतंकवाद और इजरायल का अपमान

इजरायल पर कई तरफ से हमले को 48 घंटे से अधिक बीत चुके हैं, जिसने पूरी दुनिया को हैरत और अचंभे में डाल दिया था, इस यहूदी देश को पीड़ा और गुस्से में धकेल दिया था. इजरायल के राजनेता और सैन्य अधिकारी बदले की भावना से सुलग रहे हैं और कुछ तो हमास के संपूर्ण नाश और गाजा के संपूर्ण विनाश और उस पर इजरायली कब्जे की बात कर रहे हैं. 1100 से अधिक और शायद उससे भी अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और इनमें से अधिकांश इजरायली हैं, हालांकि कम से कम 400 फिलीस्तीनी भी मारे गए हैं. इसके पहले कि हम इस असाधारण और खतरनाक घटना का विश्लेषण करें, जिसके परिणाम निस्संदेह कई वर्षों तक पश्चिम एशिया और दुनिया में गूंजेंगे, सबसे जरूरी हमास को पहचानना है.इजरायल, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और यूरोपियन यूनियन के देशों ने हमास को वर्षों पहले 'आतंकी संगठन' करार दिया है, लेकिन यह जोर देकर कहना होगा कि पूरी दुनिया ऐसा नहीं मानती है. चीन, भारत, रूस, ब्राजील और तुर्की उन देशों में हैं, जिन्होंने हमास को 'आतंकी संगठन' करार दिए जाने का विरोध किया है. दरअसल, 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट महासभा में 2018 के दिसंबर में हमास को 'आतंकी संगठन' करार देने का प्रस्ताव पारित नहीं हो सका, क्योंकि केवल 87 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया था. हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब घोषणा की है कि भारत इजरायल के साथ है, लेकिन उनकी सरकार ने 2018 के इस प्रस्ताव के दौरान एब्स्टेन यानी अनुपस्थित रहने का फैसला किया था.हमास एक छोटा नाम है- अरबी में इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन का. यह कभी राष्टवादी संगठन और राजनीतिक दल था: इसका एक उग्रवादी विंग अल-कासम ब्रिगेड नाम से है और एक सामाजिक विंग 'दावा' के नाम से है.

## मध्य प्रदेश कांग्रेस की कब आएगी पहली लिस्ट, कमलनाथ ने खुद दिया जवाब

मध्य प्रदेश में चुनाव की तारीखों के एलान के साथ ही चुनावी बिगुल बज गया है. इसी के साथ बीजेपी ने मध्य प्रदेश में अपने उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट भी जारी कर दी. हालांकि अभी भी सभी को कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची का इंतजार है. इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री और पीसीसी चीफ कमलनाथ लिस्ट को लेकर बयान सामने आया है.

**कब आएगी कांग्रेस की पहली लिस्ट**-मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधा है. कमलनाथ ने कहा, ÷बीजेपी को अब एहसास हो गया कि बीजेपी के पास अब कुछ नहीं बचा. जनता भी उनके साथ नहीं है.÷ इसके साथ ही उनसे सवाल किया कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की पहली लिस्ट कब आएगी तो कमलनाथ ने जवाब दिया कि कांग्रेस की पहली लिस्ट श्राद्ध के बाद आएगी.

**बीजेपी ने चौथी लिस्ट जारी की**–वहीं, एमपी विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने सोमवार को अपनी चौथी लिस्ट जारी हो गई है. इस सूची में पार्टी ने सीएम शिवराज सिंह चौहान को भी टिकट दिया है. मुख्यमंत्री शिवराज बुधनी विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे. उनके अलावा मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा दतिया से, गोपाल भार्गव रेहली से, विश्वास सारंग नरेला से और तुलसीराम सिलावट सांवेर से चुनाव लड़ेंगे.

**अब तक 133 प्रत्याशियों का किया एलान्**–बता दें कि इससे पहले बीजेपी मध्य प्रदेश में अपने उम्मीदवारों की तीन लिस्ट जारी कर चुकी है.

## राहुल गांधी का बीजेपी पर बड़ा हमला, लाल कृष्ण आडवाणी की किताब का जिक्र कर किया बड़ा दावा

मध्य प्रदेश में मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी सभा की. शहडोल स्थित ब्यौहारी में राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए. इस दौरान राहुल ने लाल कृष्ण आडवाणी का भी जिक्र किया. राहुल ने कहा-आडवाणी जी ने अपनी किताब में लिखा था की असली प्रयोगशाला गुजरात में नहीं, मध्य प्रदेश में है.राहुल ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा %क्ष्क्क्रत्र्स की इस प्रयोगशाला में... मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है. महाकाल लोक में शिव जी से चोरी की जाती है., बच्चों के मिड-डे मील से चोरी की जाती है.व्यापम घोटाला होता है, की सीट बेची जाती है.पटवारी बनने के लिए 15 लाख की रिश्वत देनी पड़ती है.हर रोज 3 किसान खुदकुशी करते हैं. किसानों को गोली मारी जाती है.भोपाल में एक लड़की का रेप होता है और उसे बचाने की कोशिश में



भाई की पुलिस के सामने हत्या कर दी जाती हका एक नेता आदिवासी के ऊपर पेशाब करता है कांग्रेस सांसद ने कहा कि हिंदुस्तान की जमीन, जल, जंगल पर आदिवासियों का सबसे पहला हक बनता है. आपको वनवासी कहती है. जिसका मतलब है- आपका इस जमीन पर हक नहीं है. आप तो जंगल में रहते हैं.

**कांग्रेस खोखले वादे नहीं करती-** राहुलकांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, आज आदिवासियों को क्या अधिकार देना चाहिए...ओबीसी और एसटी वर्ग को क्या हिस्सा देना चाहिए...देश के सामने ये सवाल है और इसीलिए हम जाति जनगणना की बात हो रही है.हम इसे कराएंगे.

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस खोखले वादे नहीं करती. हम क्ष्क्र कानून लाए, वन अधिकार कानून लेकर आए. हमने कानून बनाया था कि- अगर किसी उद्योगपति को आदिवासी की जमीन चाहिए, तो उसे ग्राम सभा के सामने हाथ जोड़कर जमीन मांगनी होगी. लेकिन ने इस कानून को रद्द कर दिया. क्ष्क्क्रसरकार ने आपको डरा-धमकाकर, हिंसा के बल पर आपसे आपकी जमीन छीन ली. मैं आपको गारंटी देता हूं- जो आपका हक है, हम उसे आपको जरूर लौटाएंगे.

सभा को कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम कमलनाथ ने भी संबोधित किया. उन्होंने कहा- मध्य प्रदेश में कृषि व्यवस्था, भर्ती व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, उद्योग व्यवस्था, अर्थव्यवस्था... सब चौपट है. आज मध्य प्रदेश का हर व्यक्ति या तो भ्रष्टाचार का शिकार है या भ्रष्टाचार का गवाह है. इसलिए आने वाले विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश के भविष्य का फैसला होना है और मध्य प्रदेश का भविष्य आपके हाथों में है.

## जिस बात पर कांग्रेस को कोसती है बीजेपी, एमपी छत्तीसगढ़ और राजस्थान में टिकट बंटवारे में वही हुआ!

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी उम्मीदवारों की सूची में परिवारवाद को जमकर तरजीह दी गई है. छत्तीसगढ़ में तो एक परिवार से 2-2 लोगों को टिकट दिया गया है. मध्य प्रदेश में 137 नामों में से 26 ऐसे हैं, जो परिवारवाद के सहारे राजनीति में आए हैं.मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की 8 में से 6 सीटों की घोषणा बीजेपी ने अब तक की है, जिसमें 3 सीटों पर पिता की विरासत संभाल रहे नेताओं को पार्टी ने टिकट दिया है. इनमें नरेला से विश्वास सारंग, भोपाल मध्य से ध्रुव नारायण सिंह और गोविंदपुरा से कृष्णा गौर का नाम शामिल हैं.विश्वास दिग्गज नेता कैलाश



सारंग और ध्रुव नारायण गोविंद नारायण सिंह के बेटे हैं, जबकि कृष्णा गौर पूर्व सीएम बाबू लाल गौर की विरासत को संभाल रही हैं.छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने रमन सिंह के साथ-साथ उनके भांजे विक्रांत सिंह को भी चुनाव के मैदान में उतारा है. रमन सिंह छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और वे अपने पारंपरिक सीट राजनंदगांव से चुनाव लड़ेंगे. इसी तरह दिलीप सिंह जूदेव परिवार से 2 लोगों को बीजेपी ने टिकट दिया है. चंद्रपुर से दिलीप सिंह जूदेव की बहु संयोगिता और कोटा से उनके छोटे बेटे प्रबल प्रताप को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है.

**प्रधानमंत्री मोदी कर चुके हैं परिवारवाद का विरोध**–इसी साल 15 अगस्त को लालकिले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद के खिलाफ बिगुल फूंका था. प्रधानमंत्री ने कहा था कि परिवारवाद ने हमारे देश को नोंच लिया है. वर्तमान में परिवारवाद ने जिस तरह से देश को जकड़ के रखा है, इससे आम लोगों का हक छीना है.प्रधानमंत्री ने देश के लोगों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ जंग लड़ने की अपील की थी. अपने पूरे भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कम से कम 12 बार परिवारवाद का नाम लिया था. विपक्षी पार्टियों पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था- परिवारवादी पार्टी लोकतंत्र में बीमारी है.

### सीमा में घुसकर विस्फोट करना पाकिस्तान की आदत थी, लेकिन अब..., तेलंगाना में कांग्रेस पर बरसे अमित शाह

तेलंगाना के सिकंदराबाद स्थित इंपीरियल गार्डन में पेशेवरों और बुद्धिजीवियों के साथ इंटरैक्टिव बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में देश की आतंरिक सुरक्षा बहुत खराब थी. देश में आए दिन पाकिस्तान की तरफ से कहीं ना कहीं आतंकवादी हमला होता था और हमारे देश के प्रधानमंत्री मौनी बाबा चुप रहते थे. मोदी राज में देश की आतंरिक सुरक्षा बहुत अच्छी है. गृहमंत्री ने दावा किया कि आज पाकिस्तान देश में हमले के बारे में सोच भी नहीं सकता. उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस सरकार के दौरान हमारी सीमा में घुसकर विस्फोट करना पाकिस्तान की आदत थी. उन्होंने उरी और पुलवामा में साजिशों को अंजाम दिया. पाकिस्तान को सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के रूप में करारा जवाब दिया गया.÷

**हमारी विदेश नीति स्पष्ट**–अमित शाह ने कहा, ÷आज जो हम सोचते हैं विश्व उसको मानता है. मोदी सरकार में हमारे देश का मान पूरे विश्व में हो रहा है. हमारे देश की विदेश नीति कांग्रेस राज में अस्पष्ट थी, लेकिन आज हमारी विदेश नीति स्पष्ट है.÷

**पीएम मोदी पर भ्रष्टाचार का आरोप नही**–केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ÷2014 में देश के लोगों ने एक बड़ा निर्णय लिया और अस्थिरता के माहौल को समाप्त कर दिया. लोगों ने एक को हमें पूर्ण बहुमत दिया.÷ उन्होंने दावा किया कि पार्टी को सत्ता में आए 9 साल हो गए.

# जातीय जनगणना पर कांग्रेस का बिगुल, अगर तीर लगा निशाने पर तो कांग्रेस कर सकती है सबका हिसाब बराबर

बिहार में हुई जाति जनगणना से पूरे देश की सियासत गरमा गई है. 5 राज्यों में विधानसभा और साल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जाति जनगणना एक बड़ा मुद्दा बनकर सामने आ रहा है. सोमवार यानी 9 अक्टूबर को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में सत्ता में आने पर देश में जातीय जनगणना कराने का फैसला किया है. राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर ओबीसी की भागीदारी के मुद्दे से ध्यान बंटाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वो देश की सामाजिक आर्थिक हकीकत का एक्सरे कराने से डर रहे हैं. राहुल ने कहा कि इस मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए वो (पीएम मोदी) अलग-अलग तरह के तरीके भी अपनाएंगे. पार्टी ने ये भी ऐलान किया कि सत्ता में आने पर वो महिला आरक्षण को भी तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए उचित कदम उठाएगी. इसके अलावा कांग्रेस ने राजनीतिक दांव चलते हुए जातीय जनगणना से एक कदम और आगे बढ़ते हुए आरक्षण की 50 फीसदी की मौजूदा अधिकतम सीमा को हटाने के लिए कानून लाकर आबादी के हिसाब से ओबीसी, एससी-एसटी की भागीदारी देने की बड़ी घोषणा भी कर दी. इसमें कहा गया है कि जाति जनगणना पूरे देश में समुदायों की सही और सटीक सामाजिक आर्थिक स्थिति को सामने लाने के लिए बहुत आवश्यक है. इससे सामाजिक न्याय की नींव मजबूत तो होगी ही साथ ही जो आंकड़े निकलकर सामने आएंगे वो समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए नीतियों के निर्माण में एक ठोस डेटा संचालित आधार प्रदान करेंगे.



बता दें कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने पिछले कुछ समय में जातीय जनगणना के मुद्दे को जोरशोर से उठाया है. इसके साथ एक नारा भी लगाया जाता है, %जिसकी जितनी संख्या भारी.. उसकी उतनी हिस्सेदारी'. राहुल गांधी ने इसी साल कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान एक रैली में पिछड़े, दलितों और आदिवासियों के विकास के लिए जातीय जनगणना की मांग की थी और यही नारा भी दिया था. इसी रैली में राहुल गांधी ने 2011 के जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक करने और पिछड़े वर्ग, दलितों और आदिवासियों को उनकी जनसंख्या के हिसाब से आरक्षण देने की मांग भी उठाई थी. दरअसल जातिगत संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग कर विपक्ष दलितों और पिछड़ों के बड़े वोट को अपने पक्ष में लाना चाहता है. इससे बीजेपी की हिंदुत्ववादी राजनीति और ओबीसी जातियों के समीकरण को कमजोर करने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है.

**बीजेपी के बड़े वोट बैंक पर कांग्रेस की नजर**–लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव बीजेपी के पक्ष में ओबीसी का वोटबैंक बड़ी संख्या में है. साल 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद से इसमें और इजाफा देखा गया है. पिछले दो लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो ये बात पता चलती है कि बीजेपी के पक्ष में ओबीसी वोटर लामबंद हुए हैं, वहीं दूसरी ओर विपक्षी दलों खासतौर पर कांग्रेस की पकड़ इन वोटरों पर कमजोर हुई है.

सीएसडीएस के आंकड़ों से ये भी पता चलता है कि 2009 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष में 22 प्रतिशत ओबीसी मतदाताओं ने मतदान किया, लेकिन 2014 में ये आंकड़ा बढ़कर 34 प्रतिशत हो गया. इसी चुनाव में नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने थे. वहीं इसके 5 साल बाद जब 2019 में लोकसभा चुनाव हुए तो ये आंकड़ा बढ़कर 44 प्रतिशत हो गया.

# सुपरगर्ल्स ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में अमलीपदर की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

## कविता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में आये प्रथम स्थान









**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ पुष्पांजलि टूडे अश्वनी अवस्थी**

गत दिनों जिला प्रशासन गरियाबंद के अभिनव पहल पर आयोजित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत मैनपुर विकासखंड में ब्लॉक स्तरीय विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था!यह प्रतियोगिता सर्व प्रथम संस्था स्तर,संकुल स्तर, और मेगा संकुल स्तर से चयन होकर ब्लॉक स्तर के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया था!ब्लॉक स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिता,एकल नृत्य, गायन,कविता पाठ,वाद्य यंत्र वादन,चित्रकला,बांसुरी वादन सहित छत्तीसगढ़ी लोक विधाओं पर आधारित वृहद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था!ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता तीन स्तर पर सम्पन्न हुआ!प्राथमिक माध्यमिक एवं हाई-हायर सेकण्डरी स्तर,जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेगा संकुल अमलीपदर की सभी छात्राओं ने बहुत सुन्दर प्रस्तुति दिया!कु. सुजाता श्रीवास,कक्षा 12 वीं ने कविता पाठ में और वाद विवाद प्रतियोगिता में कु.गीतांजलि सेन और कौशिकी पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया!इसी प्रकार कु.ममता यादव और रिंकी यादव,कक्षा 8 वीं इन दोनों ने माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया!उक्त विधाओं पर ब्लॉक स्तर पर छात्राओं के प्रथम स्थान आने से मेगा संकुल परिवार अमलीपदर के शिक्षकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है!जिसमें प्रमुखरूप से प्राचार्य वरूण चक्रधारी,आलोक राव वाघे, संकुल समन्वयक भागीरथी नागेश,अनंत राम नागेद्र,सुभाष पाण्डेय,राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक देवशरण राम साहू, उमेश श्रीवास,कमल किशोर ताम्रकार,मुख्यमंत्री गौरव अलंकृत शिक्षक अनिल अवस्थी मोतीलाल दूर्गा,अयोध्या राम टांडिया,चुड़ामणी सोनवानी, तीरथ श्रीवास,सुंदर लाल ध्रुव, डोमूराम ध्रुव,जय प्रकाश नागेश, केशरी नागेश आदि शामिल हैं!

# चोरहटा थाना के नवागत थाना प्रभारी के प्रयासों से हुआ 12 चोरियो का खुलासा

## दर्जन भर चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, पूरी गैंग पकड़ाई.,रीवा जिले के कई इलाकों में चोरों ने मचा रखा था तांडव

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)**

**रीवा।** रीवा जिले में लगातार हो रही चोरी से समूचा पुलिस प्रशासन परेशान था। चोरहटा थाना क्षेत्र से लेकर सेमरिया क्षेत्र के कई इलाकों में चोर तांडव मचाए हुए थे। पुलिस के लगातार प्रयास से चोरों की पूरी गैंग पकड़ी गई है। सोमवार को एएसपी अनिल सोनकर ने मीडिया को जानकारी देते हुए लगातार हो रही चोरी की घटना का खुलासा कर दिये है। उन्होंने बताया कि चोरहटा थाना प्रभारी की लगातार प्रयास से चोरों की पूरी टीम पकड़ी गई है। उनके पास चोरी किए गए सोने चांदी के जेवरात के साथ ही कई समान बरामद हुए हैं।

**पकड़ में आए चोरी के आरोपी**–जानकारी देते हुए एसपी अनिल सोनकर ने बताया कि चोरहटा थाना प्रभारी श्रृंगेश सिंह राजपूत ने कार्यवाही करते हुए चोरों की पूरी टीम पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने बताया कि रामदास गोड़, पुत्र जगदीश गोड, अनिल गोड पुत्र उदयराज गोड तथा रामनारायण गुप्ता पुत्र रामविलास गुप्ता सभी निवासी सलेहा थाना रामपुर बघेलान के रूप में की गई है। यह चोर आपनी गैंग बनाकर काम कर रहे थे। पहले जानकारी एकत्र करते उसके बाद आपस में मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे।

**चोरों ने किया खुलासा**–पकड़ में चोरो की पूरी टीम ने बताया कि वह चोरहटा थाना क्षेत्र के कई स्थानो में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चोरों के पास से सोने चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। जानकारी मिल रही है कि अब तक की पूछताछ में 12 चोरी का खुलासा हुआ है। जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने खैरा, सेमरिया, बसामन मामा क्षेत्र मे कई जगह, इसी तरह भोरगड़ और बिछिया क्षेत्र में भी चोरों ने कई वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने चोरी की अन्य वारदात का खुलासा करने न्यायालय में पेश कर रिमांड प्राप्त की है। पुलिस का मानना है कि अभी और भी कई चोरियों का खुलासा हो सकता है।







# आदर्श आचार संहिता लागू होते ही हटने लगे राजनैतिक पोस्टर, बैनर, और वॉल राइटिंग



**सतना / कोटर।** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही हटने लगे पोस्टर बैनर, कोटर नगर परिषद सीएमओ शैलेंद सिंह के आदेशानुसार, समस्त विभागीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों की टीम के साथ राहुल गौतम, सूर्य प्रताप शुक्ला एवं थाना प्रभारी की मौजूदगी में थाना क्षेत्र में पोती और मिटाई- हटाई जाने लगी नेताओ द्वारा सार्वजनिक और निजी संपत्तियों पर लिखे गए राजनैतिक विज्ञापन। आदर्श आचरण संहिता के मद्देनजर संपत्ति विरूपण नियमो के तहत तेजी से चल रहा काम। पोस्टर हटाये जाने की कार्यवाही शुरू!

# उम्मीद लगाए हैं टिकट की, मिला संगठन में पद, गुस्साए समर्थकों ने दिए इस्तीफे, विंध्य क्षेत्र की सियासत गर्माई

**रीवा।** कांग्रेस मे टिकट को लेकर घमासान शुरू हो गया है मध्यप्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी के पोते सिद्धार्थ तिवारी को उनके पिता पूर्व सांसद स्व. सुंदरलाल तिवारी के निधन उपरांत 2019 के लोकसभा चुनाव में में उतारा गया था. मगर मोदी लहर होने के चलते लोकसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा. उसके बाद से ही उन्होंने विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी थीं. हालांकि पहले विधानसभा क्षेत्र तय नहीं हुआ था. जिसकी वजह से उन्होंने पूरे जिले में भ्रमण किया.

**त्योंथर से कर रखी तैयारी** – एक साल पहले ही कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने उन्हें त्योंथर से चुनाव लडने के लिए संकेत दिए थे. इसके बाद से वह इस विधानसभा क्षेत्र में अपनी किस्मत आजमाने के लिए तैयारी में जुट गए. अब चुनाव के ठीक पहले ही उन्हें संगठन में महामंत्री की जिम्मेदारी दे दी गई, जिसके बाद से उनके समर्थकों में गुस्सा देखने को मिल रहा है. समर्थकों का मानना है कि संगठन में जिम्मेदारी मिलने के बाद अब वह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे. सिद्धार्थ तिवारी को चाहने वाले तमाम लोग जो कांग्रेस पार्टी में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं हैं, वह अपने इस्तीफे सौंप रहे हैं.गुढ़ से मिला ऑफर ठुकराया –सूत्रों के मुताबिक सिद्धार्थ तिवारी को रीवा जिले की गुढ़ विधानसभा सीट से टिकट ऑफर की गई थी और यह वही विधानसभा सीट है जहां से सिद्दार्थ तिवारी के पिता सुंदर लाल तिवारी ने वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाई थी. लेकिन इस वर्ष 2023 के चुनाव से एक वर्ष पहले से सिद्धार्थ तिवारी त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में तैयारी कर रहे हैं, जिसकी वजह से उन्होंने गुढ़ विधानसभा सीट से टिकट लेने से इनकार कर दिया. जिसके बाद पार्टी ने उन्हें संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दे दी.

**इन्होंने दिया इस्तीफा**– जानकारों का कहना है कि कांग्रेस पार्टी ने अभी किसी भी विधानसभा क्षेत्र से टिकट का बंटवारा नहीं किया है, ऐसे में अभी यह कंफर्म नहीं होता है कि सिद्धार्थ तिवारी को टिकट नहीं मिलेगी परंतु उनके समर्थक पार्टी के इस निर्णय से नाराज हैं. कांग्रेस के पार्षद स्वतंत्र शर्मा और नगर निगम के एमआईसी सदस्य ऋषिकेश त्रिपाठी ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था. जिला महामंत्री नारेंद्र तिवारी और जिला कांग्रेस सचिव व मऊगंज जनपद सदस्य अभयराज साकेत ने भी पार्टी की प्राथमिक सदस्याता से अपना इस्तीफा दे दिया।

# राहुल गांधी पहुंचे सतना एयरपोर्ट, ब्यौहारी के लिए हुए रवाना, कमलनाथ बोले- श्राद्ध के बाद आएगी लिस्ट

**दैनिक पुष्पांजली टुडे विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**सतना।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को सतना पहुंचे. राहुल गांधी के एयरपोर्ट पहुंचने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह ने उनकी अगुवानी की. इसके बाद राहुल गांधी एयरपोर्ट से कमलनाथ के निजी हेलीकॉप्टर में बैठकर ब्यौहारी में कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए. इस दौरान मीडिया से बात करते हुए पूर्व सीएम कमलनाथ ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बीजेपी के पास कुछ बोलने को बचा नहीं है. अब उनकी विदाई का समय आ गया है, जनता उन्हें जल्द जवाब देगी. साथ ही कमलनाथ ने श्राद्ध के बाद प्रत्याशियों की सूची जारी करने की बात कही है. सियासी दौरे में अलग-अलग पार्टियों के दिग्गज नेताओं का दौरा जारी है. आचार संहिता लागू होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी एमपी पहुंचे।



## सरई थाना क्षेत्र में अवैध रेत कारोबारी को कौन दे रहा संरक्षण

# थाना क्षेत्र में कई अवैध कारोबार संचालित, नजरिया ना के लिए अलग अलग वर्दी धारी को मिला जिम्मेदारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**सिंगरौली।।** सरई।। जिला मुख्यालय के 60 किलोमीटर दूर सरई थाना क्षेत्र में इन दोनों अवैध कारोबारीयों का बोलबाला है। क्षेत्र में इन दिनों अवैध रेत, नशे के पदार्थ,कबाड़,आदि का कारोबार काफी तेड़ी से चल रहा है। इन सबको संरक्षण देने वाला कोई और नहीं बल्कि वर्दी धारी लोग ही हैं।। थाना क्षेत्र में इन दोनों अवैध रेत का कारोबार इस कदर सर चढ़कर बोल रहा है कि आदर्श आचार संहिता का ना डर है न ही जिला पुलिस अधीक्षक का खुलेआम अवैध रेत,शराब,कबाड़,के साथ अपराध भी भारी संख्या में हो रहा है।। लेकिन क्या मजाल कि सरई पुलिस इन अवैध कारोबारियों पर कार्यवाही कर सके।पुलिस कार्रवाई इसलिए नहीं कर सकती क्योंकि इन सब अवैध कारोबार चलने देने के लिए वर्दी धारी को अलग-अलग वसूली की जिम्मेदारी दी गई है आखिर कौन है वह वर्दी धारी जो क्षेत्र में चल रहा है अवैध कारोबार का नजरिया ना वसूलते हैं।। पुलिस अधीक्षक क्या सरई पुलिस पर लगा पाएंगे लगामड़ रुक पायेगा अवैध कारोबारअक्सर लोग जब क्षेत्र के स्थानीय पुलिस पर भरोसा उठ जाता है तो जिला के पुलिस अधीक्षक से लोग उम्मीद जताते हैं ठीक उसी तरह अब अवैध रेत के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को ही कुछ करना पड़ेगा नहीं तो क्षेत्र में पुलिस की काफी बदनामी और किरकिरी हो रही है वहीं गरीबों से मनमानी वसूली को लेकर भी वर्दी धारी लोग चर्चाओं में है आखिर रेत शराब गांजा जैसे कारोबार अवैधतौर पर कैसे संचालित है इस पर कब रोक लग पाएगा अब यह देखना बाकी होगा।।




# लीला बिहारी तिवारी, तत्कालीन सहकारी निरीक्षक कार्यालय सहायक पंजीयन सहकारी संस्थाएं जिला रीवा हाल सेवानिवृत्ति को 04 वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000 रुपए के अर्थदंड की सजा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** लोकायुक्त रीवा में पंजीबद्ध भ्रष्टाचार के प्रकरण में माननीय विशेष न्यायालय रीवा द्वारा दिनांक 09.10.2023 को पारित निर्णय में आरोपी लीला बिहारी तिवारी, तत्कालीन सहकारी निरीक्षक कार्यालय सहायक पंजीयन सहकारी संस्थाएं जिला रीवा हाल सेवानिवृत्ति को धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं ड़2,000 के अर्थदंड तथा धारा 13(1) डी एवं 13(2) पीसी एक्ट 1988. में 4 वर्ष सश्रम कारावास 3,000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है7 लीला बिहारी तिवारी, तत्कालीन सहकारी निरीक्षक कार्यालय सहायक पंजीयन सहकारी संस्थाएं जिला रीवा द्वारा शिकायतकर्ता श्रीमती ममता श्रीवास्तव से पर्यावरण महिला उद्योग सहकारी समिति मर्यादित रीवा की ऑडिट करने के लिए ड़12000 रिश्वत की मांग की गई थी जिस पर श्री लीला बिहारी तिवारी को दिनांक 22/02/ 2014 को रुपए 2500 /- लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया7 जिस पर अपराध क्रमांक 87/2014 पंजीबद्ध कर माननीय विशेष न्यायालय रीवा में दिनांक 12.11.2022 को चालान प्रस्तुत किया गया था माननीय विशेष न्यायालय रीवा द्वारा विचारण उपरांत दिनांक 09.10.2023 को निर्णय पारित किया गया है7

# रामनगर विकाश खण्ड के पुरैना पंचायत के 125 हितग्राही अगस्त माह के खाद्यान से बंचित



**दैनिक पुष्पांजली टुडे विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

कुछ राशन की दुकान में पीओएस मसीन में फिंगर लगने खाद्यान पर्ची निकलने के पश्चात भी हितग्राहियों को नहीं मिलता खाद्यानरामनगर सतना(शैलेन्द्र चौरसिया)-- विकास खण्ड क्षेत्र रामनगर के पुरैना पंचायत में अगस्त माह में कुल 227 कार्ड धारियों में 125 हितग्राही खाद्यान से बंचित। 26-08-2023 तथा 27-08-2023 को खाद्यान चावल का गेहूं प्राप्त हो चुका था। प्राप्त जानकारी अनुसार 28-08-2023 से अगस्त माह के खाद्यान के लिए पीओएस मशीन पोर्टल बंद हो गया। जो की सितंबर माह में 03-09-2023 को अगस्त माह के हितग्राहियों को खाद्यान वितरण के लिए पीओएस मशीन का पोर्टल 15-09-2023 तक चालू रहा। इस बीच 62 और हितग्राहियों को अगस्त माह का खाद्यान् दिया जब की उसके पश्चात भी लगभग 125 हितग्राही राशन से बंचित हो गये। जिसके लिए हितग्राहियों ने विभागीय अधिकारी के साथ राजस्व विभाग को भी जानकारी दी। किन्तु अभी भी 125 हितग्राही अगस्त माह के खाद्यान से बंचित है।

# थाना मौ जिला भिण्ड पुलिस द्वारा माता- पिता को बेरहमी से कुल्हाडी से काटकर डबल मर्डर करने वाले चार माह से फरार 10,000/- रुपये के ईनामी बदमाश को मय 315 बोर के कट्टा एवं जिन्दा राउण्डो सहित किया गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय चम्बल जोंन श्री सुशान्त कुमार सक्सेना एवं श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय चम्बल जोंन श्री कुमार सौरभ द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियो की धरपकड के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशो के तारतम्य में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिंण्ड श्री मनीष खत्री द्वारा गम्भीर अपराधो के आरोपियों की तत्परता से गिरफ्तारी बावत् निर्देश पर श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला भिण्ड श्री संजीव पाठक के निर्देशन मे श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद श्री सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा मामूर मुखबिर द्वारा दिनांक 09/10/2023 को सूचना प्राप्त हुई कि अपराध क्रमांक 143/2023 धारा 302 भादवि का आरोपी



ग्राम डांग छैकुरी के हार में घूम रहा है थाने से मय फोर्स के रवाना होकर डांग छैकुरी हार पहुचा । हार में से स्वतंत्र साक्षी को अपने साथ लिया बाद मुखबिर के बताये स्थान बृजमोहन सरपंच के खेत के कुआ के पास ,डांग छैकुरी हार पहुता तो मुखबिर के बताये हुलिये का एक व्यक्ति जाते दिखा जिसे हमराह फोर्स की मदद से घेरकर पकडा , नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मंजेश पुत्र हरिज्ञान जाटव उम्र 35 साल निवासी डांग छैकुरी का होना बताया । उसकी तलाशी लेने पर उसकी कमर में बाये तरफ पहने पैंट में एक कट्टा 315 बोर का, खुसे मिला, कट्टा के चैंम्बर को खोलकर चैक किया तो चैंबर में एक 315 बोर का जिन्दा राउण्ड लगा मिला । राउण्ड को अलग किया ।इस आरोपी मंजेश की जेब से भी एक जिन्दा राउण्ड मिला । कट्टा व दोनो राउण्ड रखने के सम्बन्ध मे वैध दस्तावेज चाहे तो कोई दस्तावेज ना होना बताया । उक्त व्यक्ति का यह कृत्य धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से 315 बोर का कट्टा व 315 बोर के दोनो जिन्दा



राउण्ड को मौके पर पंचान के समक्ष विधिवत जप्त कर जप्ती पंचनामा तैयार किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा तैयार किया गया । आरोपी से अपराध क्रमांक 143/2023 धारा 302 भादवि के संबंध में पूछताछ कर कथन लिया तो आरोपी मंजेश जाटव ने अपने कथन में बताया कि उसके माता- पिता ने उसकी पत्नी के उसको छोडकर चले जाने पर उसको वापस लाकर उसके छोटे भाई के घर मे बैठा दिया था । इसी बात से वह अपने माता-पिता से नाराज चल रहा था । उसने अपने माता- पिता को जान से मारने की योजना बनाई और दिनांक 14/06/2023 को उसने अपने पिता हरिज्ञान एवं माँ रामश्री जाटव की रात में कुल्हाडी से वार कर करके हत्या कर दी । उस कुल्हाडी को छुपाकर रख दिया था । जिसे पुलिस को उसने बरामद करवाया । आरोपी को अपराध सदर मे गिरफ्तारी किया गया है उसे पुलिस रिमाण्ड प्राप्त करने के लिये आज न्यायालय पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तार सुदा आरोपी का नामः- मंजेश जाटव पुत्र स्व हरिज्ञान जाटव उम्र 40 साल निवासी ग्राम डांग छैकुरी थाना मौ जिला भिण्ड (म.प्र.) ।

जप्तसुदा मसरुकाः- एक 315 बोर कट्टा एवं दो 315 बोर का जिन्दा राउण्ड एवं एक हत्या मे प्रयुक्त कुल्हाडी

**सराहनीय भूमिका** - उक्त सराहनीय कार्य मे पुलिस थाना मौ निरीक्षक विश्वदीप सिंह परिहार, उनि अरविन्द सिह सिकरबार, उनि रामनिवास सिह गुर्जर, सउनि0 पंचम सिह गुर्जर , आर् 1091 जहीर मोहम्मद, आर् 623 महेश मांझी, आर 535 विनोद कुमार , आर 1123 दीवान सिह , आर 564 अनिल कुमार , आर01048 धर्मेन्द्र सिह,आर.752 शिवकुमार तोमर,आर.933 सुनील नरवरिया थाना गोरमी ,वीर सिंह कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही है ।

# देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**पुष्पांजली टुडे संवाददाता गोहद मालनपुर**

**मालनपुर**/ गोहद मे प्राप्त मुखविंर कि सुचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई एवं बृजेश जयंत द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी मुकेश शिवहरे पुत्र कालीचरण शिवहरे निवासी वार्ड वार्ड 3 गंज के रिहायशी मकान पर दबिश दी गयी,आरोपी के कब्जे से 31 पाव देशी मदिरा के जप्त किये गए।एक अन्य आरोपी होतम सिंह पुत्र स्वर्गीय मुन्नालाल जाटव निवासी पुराना घनश्याम पुरा के आधिपत्य से 26 पाव देशी मदिरा के जप्त किये गए।दोनों आरोपियों के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1), का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।आज की गयी कार्यवाही में कुल 57 पाव देशी मदिरा के जप्त किये गए

# टीआई लहार बोले मनचलों की अब खैर नही थाना प्रभारी ने कोचिंग संचालको की बैठक बुलाकर दिए सख्त निर्देश





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** पुलिस अधीक्षक खत्री प्रशांत खरे के निर्देशन में एवम एसडीओपी लहार रविन्द्र विलवाल के मार्गदर्शन में प्रदेश में बिधानसभा चुनाव 2023 के चलते लगी आचार संहिता के तहत मंगलवार को थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने लहार में संचालित कोचिंग सेंटर संचालको की एक बैठक बुलाई और उन्हें सख्त हिदायत दी कि आपकी कोचिंग के बाहर लगने बाले मनचलों की जानकारी तुरन्त सम्बंधित थाने को दे और अपने कोचिंग संस्थानों में प?ने बाले ब्यक्तियों का पंजीयन कराएं एवम अपनी कोचिंग के बहार कैमरा लगबाये पार्किंग की ब्यबस्था करें।जिससे आसपास के लोगो को समस्या का सामना न करना पड़े और नगर में कोई समस्या उत्तपन्न न हो अगर जो भी संचालक नियमो का पालन करते न पाया गया या गतिविधियों में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्यबाही की जाएगी ।अचार सहिंता लगने के बाद लहार पुलिस ने जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च

**कोई डराए धमकाए या रुपया बांटता नजर आये तो तुरन्त सूचित करें-रविन्द्र विलवाल**

# थानाप्रभारी ने की निडर होकर मतदान करने की अपील असमाजिक तत्वों की कार्यबाही में करें सहयोग





**अर्पितगुप्ता**
**उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवम अतरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के मार्गदर्शन में एवम एस.डी.ओ.पी लहार रविन्द्र विलवाल के निर्देशन एवम तहसीलदार लहार उदयसिंह जाटव के साथ में थाना प्रभारी वरुण तिवारी के द्वारा बिधानसभा चुनाव 2023 को शांतिपूर्ण,भयमुक्त कराने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता की घोषणा के बाद थाना प्रभारी असवार वैभव तोमर,थाना प्रभारी रावतपुरा रामशरण शर्मा थाना प्रभारी मिहोना राजेश सतनकर,थाना प्रभारी रौन ब्रजेन्द्र सिंह सेंगर,उपनिरीक्षक बंदना शर्मा,उदय सिंह के साथ मिलकर लहार नगर में फ्लैग मार्च निकाला।इस दौरान एसडीओपी लहार रविन्द्र विलवाल ने नगर में जगह जगह लोगों से पूछा की ऐसा व्यक्ति तो नहीं हैं।जो अवैध शराब बेच रहा हो कोई अवैध हथियार लेकर तो नहीं घूम रहा एवम वहीं मौके पर साथ मौजूद थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने लोगो से पूछा की कोई डरा धमका तो नहीं रहा यदि आप लोगों को कोई बेबजह परेशान कर रहा हो तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाहीं की जाएगी आप लोगों को डरने की कोई आवश्यकता नहीं है हमे ऐसे लोगो की सूची दे हम आपका नाम बताये बिना उनपर कठोर कार्यबाही करेंगे।

# आचार संहिता लगते ही हरकत में आई नप दबोह,उतारे होर्डिंग-बैनर

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही दबोह नगर परिषद हरकत में आ गई।जिसके तुरन्त बाद ही नगर में जगह-जगह लगी शिला पट्टिकाओं को ढंकने का काम शुरू कर दिया गया और सार्वजनिक स्थानों पर लगे बैनर- होर्डिंग उतारे जाने लगे।जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश सहित अन्य पांच राज्यों में आगामी माह में विधानसभा चुनाव संपन्न किये जाने है।जिसकी आचार संहिता सोमवार दोपहर लागू हो गई।आचार संहिता लागू होते ही लहार तहसील की नगर पालिका नगर परिषद दबोह



सहित समस्त ग्राम पंचायतों में शिला पट्टिकाओं को ढंकने का काम शुरू कर दिया गया व खंभे और दीवारों पर लगे बैनर-होर्डिंग उतारने की कार्रवाई की जाने लगी है।जिसके चलते दबोह में भी नगर परिषद ने कार्यालय के बाहर लगीं शिला पट्टिकाओं सहित गणेश चौक, झंडा चौक,कोंच रोड,समथर बस स्टैंड व मुख्य मार्ग पर लगे बैनर होर्डिंग को उतारना शुरू कर दिया।

**इनका कहना**

आचार संहिता लागू हो चुकी है, समस्त नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों में आचार संहिता के पालन संबंधी समस्त तैयारियां प्रारंभ कर दी गयीं हैं।

# समिति के सहयोग से 250 बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान की परीक्षा दी

**पुष्पाजंली टुडे**
**नारायणलाल सेंणचा**

**पाली ।** सोजत रोड में श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति संस्था के सहयोग से 250 बच्चों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023 का आयोजन हुआ जिसमें सीरवी समाज के बच्चों को सेवा समिती संरक्षक महोदय रामलाल सैणचा गांधीधाम गुजरात सेवा समिति कार्यकर्ता मैसुर से गुदड़राम सीरवी काग मैसूर, भैराराम हाम्बड बेलकवाड़ी, बुधाराम बर्फा बेलकवाड़ी कर्माराम परिहार, जगदीश सोलंकी हैदराबाद एवं अन्य संस्था के सदस्य ने भी इस परीक्षा के लिए सहयोग राशि प्रदान करने के आग्रह किया तो समाज के भामासाहों के सहयोग कल इस परीक्षा में बच्चों ने



भाग लिया ऐसे भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रसार इस संस्था हर राजस्थान में परीक्षा होती है इस सेवा समिति परिवार को इस बार बच्चों इस परीक्षा का लाभ उठाने हेतु सहायता पहुंचाई गई जिसमें, बच्चो मे परीक्षा के प्रति उत्साह देखने को मिला (ओ ऐम आर) शीट को कैसे भरा जाता है का अनुभव प्राप्त किया तथा साथ ही अपनी संस्कृति से कैसे जु? रहे इन पर बने प्रश्नों को निर्धारित समय मे हल करने की कसमक्स जारी रही बच्चो के लिए एक नया अनुभव जुडा विषय अध्ययन के साथ-साथ प्रश्नों के माध्यम से अपनी संस्कृति को समझने का अनुभव प्राप्त हुआ। गुदड़राम काग ने बताया की सोजत रोड और जवाली विद्यालय मैं परीक्षा का आयोजन किया गया। यह जानकारी सेवा समिति संस्थापक गुदड़राम सीरवी काग मैसूर वालों दी

# तलाशे जौहर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दिनेश विकल का हुआ स्वागत

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी , संस्कृति परिषद संस्कृत विभाग के तत्वाधान में जिला अदब गोसा ग्वालियर, सिलसिला एवं तलाशे जौहर ÷ द्वारा ग्वालियर में दिनाँक 08/10/23 को आयोजित प्रतियोगिता में ग्वालियर के शायर दिनेश विकल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्वालियर के साहित्यकारों ने उन्हें बधाई देते हुए उनका स्वागत किया।विकल जी की दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकीं हैं। जो किशब्दोपहर÷ कविता संग्रह व ग़ज़ल संग्रह मंजर याद आता हैबहु चर्चित हैं। अल्प समय में उनकी रचनाएं बहुत ही प्रासंगिक हैं।दिनेश विकल मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग से सेवानिवृत प्राचार्य हैं। ग्वालियर के अनेक साहित्यकारों , गीतकारों में घनश्याम भारती,राजेश शर्मा , ललित मोहन त्रिवेदी, सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा, रामचरण ÷रुचिर ÷, विजय शंकर श्रीवास्तव, जगदीश ÷महामना÷ आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाईयां दी एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनका स्वागत पुष्पहार से किया । उनकी रचनाएं भी सुनी एवं एक काव्य गोष्ठी भी हुई जिसमें सभी ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी।

# कर्नाटक जल संरक्षण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने गजेंद्र सिंह शेखावत से की मुलाकात



**पुष्पाजंली टुडे**

**नई दिल्ली।** किसान नेता कुरुबुरु शांताकुमार, कन्नड़ चालुवली नेता गुरुदेव नारायण और विजय सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में कर्नाटक जल संरक्षण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने कावेरी जल विवाद को सुलझाने, मेकेदातु परियोजना की मंजूरी में तेजी लाने के लिए जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की, जिससे बेंगलुरु को पेयजल संकट से निपटने में मदद मिलेगी।

# मेहगांव क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा वार्षिक आमसभा का हुआ आयोजन




**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव।.क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा दिनांक 30.09.2023 को मेहगांव में वार्षिक आमसभा काआयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य रुप से कृषि विकास विभाग मेहगांव अशोक चतुर्वेदी,एम.के.जैन, भास्कर जोशी , भोपाल के अधिकारी मेहन्द पाल,जैविक खाद का उपयोग करें तो यूरिया एवं डी.ए.पी.से बचत कर सकते हैं खाद का किसान समय पर भंडार करें जिससे असुविधा से बचा जा सके कंपनी के 300 शेयर धारक उपस्थित रहे कम्पनी के सी.ई.ओ.हनुमन्तसिह के द्वारा कंपनी के गठन एवं उद्देश्य,लाभ एवं हानि के बारे जानकारी दी कम्पनी के सभी सदस्यों उपस्थित रहे।

## आगामी चुनावों के मद्देनजर रखते हुए अनु विभागीय अधिकारी श्री राजीव समाधिया जी ने किया फ्लैग मार्च आमजन से की शांतिपूर्वक चुनाव कराने एवं आचार संहिता के नियमों के पालन करने अपील की



**संवादाता हरिओम परिहार की खास रिपोर्ट**

आज दिनांक 10 अक्टूबर 2023 को श्रीमान पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी तथा निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी श्री राजीव समाधिया जी, श्रीमान एसडीओपी (पुलिस)श्री प्रशान्त शर्मा जी , पिछोर तहसीलदार तथा निर्वाचन सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री शिवशंकर गुर्जर , एवं पिछोर थाना प्रभारी टी आई श्री शिव सिंह यादव सहित समस्त पुलिस स्टॉफ द्वारा पिछोर में फ्लैगमार्च निकाला गया। संवाद प्रस्तुति आनंद लिटोरिया जी द्वारा की गई

संपादकीय

# सुलगते सवाल

एक न्यूज पोर्टल से जुड़े पत्रकारों पर छापे, कुछ की गिरफ्तारी और फिर आप के सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बीच लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक सुविधा के लिये सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर देश में सवाल तीखे हुए हैं। देश की शीर्ष अदालत गाहे–बगाहे राजनीतिक हथियार बनीं एजेंसियों की कारगुजरियों पर सवाल उठाती रही हैं। कभी कोर्ट ने एजेंसी को पिंजरे का तोता कहा तो कभी इन एजेंसियों में नियमों से इतर शीर्ष अधिकारियों के लगातार बढ़ते कार्यकाल को लेकर भी सवाल उठाए। पिछले कुछ महीनों में ऐसा विवाद शीर्ष अदालत व सरकार के बीच खासा चर्चित रहा। निस्संदेह, जब किसी खास या आम पर देश की स्थापित व्यवस्था के खिलाफ काम करने अथवा कानून, अर्थव्यवस्था या समाज के खिलाफ राष्ट्रविरोधी कार्यों में लिप्त होने के आरोप लगाये जाते हैं तो उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत भी होने भी चाहिए। आरोप तार्किक होने चाहिए। आरोप का आधार राजनीतिक आकाओं की पसंद–नापसंद भी नहीं होनी चाहिए। फिर लोकतंत्र में विपक्ष और मीडिया के विभिन्न धाराओं से जुड़े लोगों के प्रति सहिष्णुता सत्तारूढ़ दल या सरकार की गरिमा को ही बढ़ाती है। लोकतंत्र में लोक की सर्वोच्चता होती है, तंत्र की नहीं। सत्ताधीशों को मानना चाहिए कि सतर्क विपक्ष व धारदार मीडिया भी लोकतंत्र के रक्षक ही होते हैं। लेकिन यहां राजनीतिक दलों का विरोध भी तार्किक व जनमानस के हितों के अनुरूप होना चाहिए। आरोप महज राजनीतिक लक्ष्यों के लिये सत्तारूढ़ दल को घेरने का जरिया नहीं होना चाहिए। यानी महज विरोध के लिये विरोध नहीं होना। वहीं मीडिया के लिये भी लक्ष्मण रेखा निर्धारित है। विरोध के लिये उसका आधार भी विश्वसनीय होना चाहिए और जवाबदेही जनता के प्रति होनी चाहिए। वहीं किसी राजनीतिक विचारधारा के मामले में भी उसे निरपेक्ष होना चाहिए। विडंबना यही है कि गढ़े हुए तथ्यों के आधार पर आरोप–प्रत्यारोपों का दौर जारी है। वहीं अर्द्धसत्यों को सत्य साबित करने की होड़ जारी है। यहां सवाल सरकारी एजेंसियों की पारदर्शिता व निष्पक्षता का भी है। ये सारे विवाद सभी पक्षों के नीर–क्षीर विवेक व पारदर्शी व्यवहार की जरूरत बताते हैं। वीरवार को शीर्ष अदालत में आप के पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया की शराब नीति में कथित भ्रष्टाचार विवाद प्रकरण में हुई गिरफ्तारी से जुड़े सवालों पर ईडी से तीखे सवाल किये गये। लगाये गये आरोपों की तार्किकता पर सवाल उठे कि जब मनीष सिसोदिया की मामले में सीधी भूमिका नहीं है तो उन्हें आरोपी क्यों बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी का केस ठोस सबूतों के आधार पर होना चाहिए अन्यथा जिरह के दौरान केस दो मिनट में गिर जाएगा। कोर्ट का कहना था कि यदि मनीष सिसोदिया की भूमिका मनी ट्रेल में नहीं है तो मनी लॉन्ड्रिंग में सिसोदिया आरोपियों में क्यों शामिल हैं। कोर्ट का कहना था कि मनी लॉन्ड्रिंग अलग कानून है। यह भी कि ईडी साबित करे कि सिसोदिया केस प्रापर्टी में शामिल रहे हैं। बहरहाल, अब कोर्ट उनकी जमानत याचिका पर बारह अक्तूबर को सुनवाई करेगी। इस बीच कोर्ट ने सरकारी गवाहों की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाये। कोर्ट का कहना था कि केस ठोस सबूतों की बुनियाद पर तैयार होना चाहिए। अनुमान के आधार पर केस तैयार नहीं किये जा सकते। कोर्ट का कहना था कि राजनीतिक कार्यकारी के निर्देशों पर नौकरशाहों को विवेकशील ढंग से विचार करना चाहिए। कोर्ट ने पूछा कि शराब नीति में कथित घोटाले मामले में सीबीआई चार्जशीट में अनुमानित राशि और ईडी की रिपोर्ट में उल्लेखित राशि में अंतर क्यों है। कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि नई शराब नीति से यदि किसी राजनीतिक दल विशेष को लाभ पहुंचा है तो उस पार्टी को इस केस में क्यों नहीं शामिल किया गया? वहीं दूसरी ओर आप सांसद संजय सिंह की कोर्ट में हुई पेशी के दौरान अदालत ने ईडी की कार्यशैली को लेकर कई तीखे सवाल पूछे। साथ ही यह भी पूछा कि उनकी कस्टडी क्यों जरूरी है। जिसके बाबत ईडी का तर्क था कि सांसद के घर से जो सबूत मिले हैं, उनसे जुड़े सवालों को लेकर पूछताछ जरूरी है। बहरहाल, ऐसे मामलों में एजेंसियों को तार्किक आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए।

# इन गिरफ्तारियों के संकेत साफ हैं

–राजेश माहेश्वरी

*"इतिहासकार सोहेल हाशमी, व्यंग्यकार संजय राजौरा एवं सेंटर फॉर टेक्नालॉजी एंड डेवलपमेंट के डी रघुनंदन शामिल हैं। पूछताछ के बाद दोनों के अलावा अन्य को जाने दिया गया।"*

देश में सरकार विरोधी लोगों की गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी है। एक ओर तो आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, तो वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन न्यूज पोर्टल श्न्यूजक्लिकश के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें पोर्टल के एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती के साथ पुलिस कस्टडी में सौंपा गया है जहां हफ्ते भर दोनों से पूछताछ होगी। आप से राज्यसभा के सदस्य संजय सिंह को दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तो न्यूजक्लिक पर आरोप है कि उसने चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिये धन लिया है। आप पार्टी के दो वरिष्ठ मंत्री शराब मामले में पहले से जेल में हैं– उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आबकारी मंत्री सत्येन्द्र जैन। दोनों पर शराब नीति में फेरबदल कर घूस लेने के आरोप हैं। इसी की कड़ी के रूप में संजय सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पुरकायस्थ एवं चक्रवर्ती के अलावा और भी कई प्रतिष्ठित पत्रकारों को पुलिस ने पूछताछ के लिये बुलाया था। उनमें से कई के लैपटॉप व मोबाइल जब्त कर लिये गये थे। इनमें उर्मिलेश, अनिंद्य चक्रवर्ती, परंजॉय गुहा ठाकुरता, अभिसार शर्मा तो थे ही, इतिहासकार सोहेल हाशमी, व्यंग्यकार संजय राजौरा एवं सेंटर फॉर टेक्नालॉजी एंड डेवलपमेंट के डी रघुनंदन शामिल हैं। पूछताछ के बाद दोनों के अलावा अन्य को जाने दिया गया। ऐसे ही, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी के भतीजे अभिषेक बैनर्जी को कई पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली में उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे कृषि भवन के बाहर धरना दे रहे थे। उनसे पहले ही कथित कोयला घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कई बार पूछताछ कर चुकी है। यह भी माना जाता है कि उन पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। कहने को तो ये सारे मामले अलग–अलग हैं लेकिन राजनैतिक रूप से देखें तो साफ हो जाता है कि इनका आपस में सूक्ष्म सम्बन्ध है। संजय सिंह एक बेहद मुखर सांसद हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी सरकार के कट्टर आलोचकों में से एक माने जाते है। प्रभावशाली वक्ता होने एवं निडरता से अपनी बात रखने वाले संजय पर आरोप है कि शराब घोटाले के एक आरोपी बिचौलिये दिनेश अरोरा से उन्होंने दिल्ली के बार व रेस्त्रां मालिकों से उनकी पार्टी के लिये धन जुटाने को कहा था। अरोड़ा ने 82 लाख रुपये का चेक भी दिया था। उल्लेखनीय है कि संजय सिंह ने संसद में मोदी के मित्र कहे जाने वाले देश के प्रमुख कारोबारी गौतम अदानी के खिलाफ जोर–शोर से आवाज उठाई थी। ऐसे ही, अयोध्या के रामजन्मभूमि परिक्षेत्र में कथित जमीन घोटाले का भी संजय सिंह ने बहुत दमदारी से पर्दाफाश किया था। उस वक्त भाजपा के साथ मंदिर ट्रस्ट की बहुत भद्द पिटी थी। तभी से वे भाजपा की आंखों को खटक रहे थे। पुरकायस्थ की बात करें तो न्यूजक्लिक को एक निर्भीक पोर्टल के रूप में जाना जाता है जिसकी उन्होंने स्थापना की थी। वे देश के बहुत प्रतिष्ठित व साहसी पत्रकारों में से एक माने जाते हैं। सरकार से सवाल करने के कारण उनके प्रति भी केन्द्र सरकार व भाजपा की नाराजगी स्वाभाविक है। इतना ही नहीं, जिन पत्रकारों को पूछताछ के लिये बुलाया गया था, वे सारे अपने सरकार विरोधी रवैये के कारण जाने जाते हैं जो जनपक्षधरता की पत्रकारिता करते हैं और सरकार के लोकतंत्र विरोधी कदमों का पुरजोर विरोध करते हैं। सरकार से सवाल करना अपना पेशागत धर्म मानने वाले ये पत्रकार शासकीय कार्रवाई की जद से बाहर निकल गये हैं– ऐसा मानने वाले गलत साबित हो सकते हैं। अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाने की आदी मोदी सरकार का यह रवैया वैसा ही है जैसा कि पूरा देश पिछले 9 वर्षों से प्रत्यक्ष देख रहा है। संसद के बाहर हो या भीतर, विरोधी दलों के नेताओं पर अपनी जांच एजेंसियों– प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) तथा आयकर विभाग (आईटी) के छापे डलवाना तथा आधे–अधूरे आरोपों के आधार पर या बेवजह उन्हें गिरफ्तार करना मोदी सरकार की नीति और कार्यपद्धति में शामिल हो चुका है। अनेक प्रतिपक्षी नेता जेलों में बन्द हैं या विभिन्न आरोपों से सम्बन्धित पूछताछ से गुजर रहे हैं जिन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। जिन सांसदों को वह गिरफ्तार नहीं कर पाती उन्हें सदन से निलम्बित करना, उनकी आवाज को म्यूट कर देना अथवा उनके वाक्यांशों को कार्रवाई से निकाल देना मोदी सरकार के उपकरण हैं जो पूर्णतरू अलोकतांत्रिक हैं। स्वयं संजय सिंह को पिछली बार पूरे सत्र के लिये निलम्बित कर दिया गया था जिसके कारण उन्हें संसद परिसर में ही गांधी प्रतिमा के पास धरना देना पड़ा था। टीएमसी के ही डेरेक ओ ब्रायन भी निलम्बन झेल चुके हैं। गुजरात की एक कोर्ट द्वारा अवमानना के आरोप में हुई सजा के बाद राहुल गांधी की सदस्यता छीनी गयी थी।

# अमरीका,यूरोप का परम्परागत विरोधी

संजीव ठाकुर

उत्तर कोरिया में 2011 के बाद किम जोंग उन ने अपने को तानाशाह घोषित कर दिया है वह किम जोंग इल तानाशाह का बेटा है जो 2011 से पहले सनकी तानाशाह थे। विगत दिनों रूस की यात्रा वहां के समकक्ष राष्ट्रपति पुतिन से मिलकर गुप्त मिसाइल समझौते करके और खतरनाक हो गया है ।अब उत्तर कोरिया रूस की यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में मदद भी करने वाला है रूस की यात्रा से लौटने के बाद उसने कई मिसाइल परीक्षण भी किएं है, इधर यूक्रेन के बाद युद्ध के लिए शास्त्रों की कमी हो चुकी है नाटो और अमीर की मदद के बावजूद यूक्रेन आर्थिक संकट में है, परिणाम स्वरूप अमेरिका तथा नाटो देश की नींद उड़ चुकी है। पिछले कई वर्षों से एशिया का सबसे विवादास्पद राष्ट्र उत्तर कोरिया रहा है। यह देश विवादों में इसलिए भी रहा है कि इसमें लगातार पिछले एक दशक से परमाणु परीक्षण कर अमेरिका तथा यूरोप के देशों की नींद उड़ा कर रखी है,पूरे विश्व में उत्तर कोरिया के किम जोंग को एक तानाशाह प्रशासक के रूप है जाना जाने लगा है,किंम जोंग की गिनती विश्व में क्रूर तानाशाह की मानी जाती है, यूरोप तथा अधिकांश एशियाई देशों के मीडिया ने किंग जॉन को एक खतरनाक तथा विश्व की शांति के खतरे के रूप में निरूपित किया है। वह अमेरिका तथा यूरोपीय देशों का घनघोर विरोधी तानाशाह है और अपने देश में सिर्फ कोरियाई भाषा को ही पढ़ने लिखने और बोलने की भाषा के रूप स्वतंत्रता प्रदान की है। दिसंबर 2011 को उसने अपने आप को उत्तर कोरिया का सर्वोच्च तानाशाह घोषित कर दिया था। उत्तर कोरिया में मीडिया इंटरनेट पर वीडियो पर इसी तानाशाह का पूरी तरह नियंत्रण है। वैश्विक स्तर पर तानाशाहों की गिनती में चीन के शी जिनपिंग, रूस के व्लादिमीर पुतिन और उसके बाद किम जोंग का तीसरा नंबर है। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो कोरिया बहुत सालों तक चीन का हिस्सा रहा है फिर उन्नीस सौ चार तथा पांच में रूस जापान युद्ध के बाद यह जापान का एक सुरक्षित क्षेत्र बन गया था। 1910 के बाद जापान ने से अपना अंग बना लिया था। 1945 के विश्वयुद्ध के बाद जब जापान ने आत्मसमर्पण किया था तब कोरिया को स्वतंत्र राष्ट्र बना कर उसे दो भागों में विभक्त कर दिया गया। उत्तर दक्षिण कोरिया, 1948 में दक्षिण भाग में कोरिया गणतंत्र और उत्तरी कोरिया में कोरियन पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की स्थापना की गई। 1953 में इसका विभाजन विधिवत रूप मे उत्तर उत्तर अक्षांश की विभाजन रेखा से उत्तर तथा दक्षिण कोरिया बनाया गया। भारत की तरह यह भी कृषि प्रधान राज्य है। यहां पर शिक्षा और स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की सेवाएं पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में रखी गई है। दक्षिण कोरिया में खाद्य पदार्थों में अनुदान दिया जाता है तथा शिक्षा स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाएं नागरिकों को निशुल्क प्रदान की जाती है। इसके बावजूद भी वहां कुपोषण की दर 30: से बहुत अधिक है। उत्तर कोरिया एसा देश है जहां इंटरनेट, मीडिया,1 रेडियो तथा संचार माध्यमों पर इस तानाशाह का पूरी तरह नियंत्रण है, इंटरनेट भी बहुत ही गिने चुने लोग कोरियाई भाषा में इस्तेमाल कर पाते हैं। नागरिकों को एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश तथा देश के बाहर जाने की अनुमति नहीं होती है। इसके लिए विशेष अनुमति लेना अनिवार्य होती है। किम जोंग इतना खतरनाक तानाशाह है कि उसने अपने कई सगे रिश्तेदारों की सरेआम छोटे–छोटे कारणों के कारण हत्या करवा दी, इसने अपनी ही सरकार के कई मंत्रियों तथा पदाधिकारियों की हत्या करवा कर तानाशाही का बहुत क्रूर उदाहरण प्रस्तुत किया है ताकि जनता में उसका भय सदैव बना रहे। उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग को ईश्वर पर विश्वास नहीं है वह नास्तिक है एवं राज्य को भी नास्तिक वादी बना कर रखा है। इस देश में किसी भी धर्म या जाति या ईश्वर को मानने की किसी तरह की आजादी भी नहीं दी गई है। धर्म का पालन करने वाले को बड़ी बुरी तरह से दंडित किया जाता है। तानाशाह किम जोंग के अनुसार वही जनता का ईश्वर है और वह देश की सर्वोच्च सत्ता का मालिक है। यह बहुत अचरज वाली बात है कि उत्तर कोरिया का समाज शासकीय नियंत्रण वाला समाज है। यहां किसी भी व्यक्ति को कोई भी व्यक्तिगत आजादी का कोई हक नहीं दिया गया है। इस तानाशाह ने अपने आप को भगवान घोषित कर जनता को भी मजबूर कर दिया है कि उसे ईश्वर माना जाए। यह कतई विश्वास करने वाला सत्य नहीं है कि इस युग में भी ऐसा देश है जहां जनता पर इतनी व्यक्तिगत पाबंदियां लगाई गई है। उत्तर कोरिया में मानव अधिकार हनन, निजी स्वतंत्रता को चुनौती एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा कानूनी चुनौतियां जैसा कोई शब्द ही नहीं है तानाशाही के नीचे सारे कानून, कायदे और नियम दफन होकर रह गए हैं। उत्तर कोरिया विश्व शांति के लिए इसलिए भी बहुत ज्यादा खतरनाक हैं कि इसने लगातार 2006, 2009, 2013 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किए और किम जोंग के दावे के अनुसार उसने इंटरकॉन्टिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल जो लंबी दूरी की परमाणु मिसाइलें होती हैं का भी सफल परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया और अमेरिका के संबंध हमेशा से तनावपूर्ण रहे हैं। अमेरिका और यूरोपीय देश उत्तर कोरिया द्वारा किए गए भूमिगत परमाणु परीक्षण तथा इंटरनेशनल बैलेस्टिक मिसाइल के सफल परीक्षण को मानव जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा मानते हैं, और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग की मानसिक स्थिति देखते हुए यह परमाणु हथियार किसी भी देश के लिए खतरा बन सकते हैं क्योंकि वह न तो संयुक्त राष्ट्र संघ परिषद की परवाह करता है और ना ही किसी देश के शासक प्रशासक का आदेश ही मानता है। अमेरिका के जितने भी राष्ट्रपति रहे हैं किम जोंग उन से सीधा टकराने की इच्छा रखता रहा है, और यही कारण है।




बृषभ :– भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

मिथुन :– भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा–प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

कर्क :– महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक–सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

सिंह :– किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

कन्या :– नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

तुला :– कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन–सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

वृश्चिक :– किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

धनु :– रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

मकर :– सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

कुंभ :– पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन–सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

मीन :– पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# पुरानी पैंशन स्कीम गले की फांस

आदित्य नारायण

*"पुरानी पैंशन व्यवस्था बहाली का मुद्दा गले की फांस बनता दिखाई दे रहा है। यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि जब हिमाचल, राजस्थान समेत पांच राज्य पुरानी पैंशन स्कीम को लागू कर चुके हैं तो इसे देश भर में लागू क्यों नहीं किया जा सकता।"*

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के पांच राज्यों के विधानसभा और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से ठीक पहले पुरानी पैंशन व्यवस्था बहाली को लेकर हाल ही में दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई लाखों सरकारी कर्मचारियों की रैली से केन्द्र सरकार का चिंतित होना स्वाभाविक है। रैली में उमड़े लोगों की संख्या लाखों में होने के चलते पुराने आंदोलनों की याद आ गई। पुरानी पैंशन व्यवस्था बहाली का मुद्दा गले की फांस बनता दिखाई दे रहा है। यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि जब हिमाचल, राजस्थान समेत पांच राज्य पुरानी पैंशन स्कीम को लागू कर चुके हैं तो इसे देश भर में लागू क्यों नहीं किया जा सकता। केन्द्र सरकार पर अपने कर्मचारियों को न्यूनतम पैंशन देने का दबाव है। इसलिए कई फार्मूलों पर विचार किया जा रहा है। केन्द्र सरकार नैशनल पैंशन स्कीम की समीक्षा के लिए वित्त सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बना चुकी है। यह कमेटी पैंशन स्कीम को आकर्षक बनाने को लेकर सरकार को अपने सुझाव सौंपेगी। पहले आंध्र प्रदेश की जगन मोहन रेड्डी सरकार ने एक फार्मूला सुझाया था जिस पर विचार किया गया था लेकिन अब कुछ राज्यों ने मध्य मार्ग अपना कर न्यूनतम पैंशन को सुनिश्चित बनाने का सुझाव दिया है। राज्यों का सुझाव है कि पुरानी पैंशन स्कीम में प्राप्त अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पैंशन के रूप में दिया जाता है। उसे अब नौकरी शुरू करने के बाद प्राप्त न्यूनतम वेतन का 50 प्रतिशत पैंशन के रूप में दिया जाना चाहिए। राज्य सरकारें प्रत्येक कर्मचारी के लिए न्यूनतम पैंशन सुनिश्चित करना चाहती हैं। अभी तक कांग्रेस शासित राज्योंऔर आप पार्टी शासित पंजाब ने ही पुरानी पैंशन स्कीम बहाल की है। घरिजर्व बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान लगातार चेतावनी देते आ रहे हैं कि पुरानी पैंशन स्कीम लागू करने से राजकोष पर बहुत अधिक दबाव पड़ेगा और इससे राज्य सरकारों की अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा लेकिन अब यह मुद्दा चुनावी मुद्दा बन चुका है। इस मुद्दे का एक पहलू सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। वह यह है कि कर्मचारियों को इतनी कम पैंशन मिलती है जिससे वह न तो भरपेट भोजन खा सकते हैं और न ही अपने लिए आवश्यक दवाइयां खरीद सकते हैं। अब समस्या यह है कि नई पैंशन योजना सेवा के वर्षों से कोई इत्तेफाक नहीं रखती है बल्कि यह कार्पस बेस्ड है यानी जितना फंड एनपीएस अकाउंट में होगा उसी हिसाब से पेंशन लेकिन इससे उन कर्मचारियों के ऊपर संकट पैदा हो गया है जिनकी रेगुलर बेस पर नियुक्ति के बाद सेवानिवृत्ति महज 10 से 15 वर्षों के भीतर हो रही है या जिन राज्यों में एनपीएस का कर्मचारी अंशदान कई वर्षों तक काटा ही नहीं गया और न ही सरकारी अंशदान जमा किया गया। फलस्वरूप कोई फंड निवेशित ही नहीं हुआ और अब जबकि उनकी सेवानिवृत्ति या तो नजदीक है या हो गयी है। ऐसे सभी कर्मचारियों के लिए नेशनल पैंशन स्कीम, सेवानिवृत्ति पर न तो मिनिमम पैंशन की गारंटी देती है और न ही उन्हें पुरानी पैंशन की तरह अंतिम सैलरी के आधार पर पैंशन देती है। ऐसे कर्मचारियों को नाम मात्र फंड जमा होने के कारण नाम मात्र की यथा 500 रुपये से लेकर 2000 रुपये की पैंशन मिल रही है। जिसके कारण कर्मचारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। हालांकि पैंशन, राज्य का विषय है। चूंकि नेशनल पैंशन स्कीम एक कंट्रीब्यूटरी स्कीम है जिसमें पैंशन के लिए कर्मचारी से बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत कर्मचारी अंशदान के रूप में काट लिया जाता है और साथ–साथ सरकार स्वयं 10 प्रतिशत के मुकाबले 14 प्रतिशत का अंशदान जमा करती है। जिसे तीन सरकारी संस्थानों में एलआईसी, एसबीआई और यूटीआई में निवेश किया जाता है ताकि कर्मचारी को मार्किट के अनुसार ब्याज मिल सके और ये संस्थान भी बेहतर परफार्म कर सकें व इन्हें मजबूत किया जा सके। इसके अलावा इसी प्लेटफॉर्म पर स्वावलंबन योजना, अटल पैंशन योजना और निजी क्षेत्र के लिए टियर 2 नाम से योजनाएं भी चल रही हैं। अब नैशनल पैंशन स्कीम के तहत 6 लाख करोड़ से भी अधिक निवेश हो चुका है। जिसका 85 प्रतिशत हिस्सा लॉग टर्म यानी सरकारी प्रतिभूतियों में और 15 प्रतिशत शेयर मार्किट में लगाया जा चुका है। अब यदि नैशनल पैंशन स्कीम को खत्म कर घदिया जाए तो कई योजनाएं बंद हो सकती हैं। जिन राज्यों ने एनपीएस लागू किया उन्होंने कई वित्त संस्थानों के साथ अलग–अलग एग्रीमैंट भी कर रखे हैं। यह एग्रीमैंट पुरानी पैंशन बहाली की योजना में आड़े आ सकते हैं। पुरानी पैंशन योजना की बहाली राज्य सरकारों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यह भी वास्तविकता है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानजनक पैंशन नहीं मिल रही। यह भी देखना होगा कि जिन राज्यों में पुरानी पैंशन स्कीम बहाल की है वो किस तरह से इसके लिए फंड की व्यवस्था करते हैं। आंदोलनकारी कर्मचारी वोट की चोट से संदेश देने का संकेत दे रहे हैं। पैंशन शंखनाद महारैली ने राजनीतिक रंग भी दिखा दिया है। दूसरी ओर आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि कोई ऐसा कदम नहीं उठाया जाना चाहिए जो देश की आर्थिक सेहत से खिलवाड़ कर जाए। फिलहाल यह एक बड़ा चुनावी मुद्दा बन चुका है। देखना है कि केन्द्र सरकार कौन सा फार्मूला अपनाती है जो सभी को स्वीकार्य हो।

### मेरठ एक्सप्रेसवे पर दो लूप बनाने की तैयारी, एनसीआर के लोगों को मिलेगा यह फायदा

**गाजियाबाद।** लाल कुआं और एबीईएस कॉलेज के पास मेरठ एक्सप्रेसवे पर दो लूप बनाने की तैयारी शुरू हो गई। एनएचएआई ने लूप के डिजाइन तैयार कर मंजूरी के लिए सड़क एवं परिवहन मंत्रालय को भेज दिया है। स्थानीय लोग प्रवेश और निकास के लिए लूप बनवाने की लंबे समय से मांग कर रहे हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री डॉ. वीके सिंह ने पिछले दिनों एनएचएआई अधिकारियों के साथ एनएच-9 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया था। मंत्री से स्थानीय लोग दिल्ली से मेरठ आते हुए लाल कुआं पर मेरठ से दिल्ली जाते हुए क्रॉसिंग रिपब्लिक (एबीईएस कॉलेज) पर प्रवेश-निकास द्वार की मांग कर रहे हैं। वीके सिंह ने एनएचएआई अधिकारियों को साथ लेकर लूप बनाने के बारे में समझा। इसके बाद उन्होंने योजना बनाने के निर्देश दिए। एनएचएआई ने लूप बनाने का डिजाइन तैयार कर लिया। मंजूरी के लिए सेफ्टी एवं तकनीकी कमेटी को भेजा है। मंजूरी के बाद लूप बनाने का काम शुरू हो जाएगा। लाल कुआं निवासी रोहित शर्मा ने कहा, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर लाल कुआं और एबीईएस कॉलेज के पास लूप बनाने की मांग की जा रही है। इन दोनों जगह पर प्रवेश और निकास स्थान नहीं होने से मेरठ एक्सप्रेसवे पर सफर नहीं किया जा रहा है। एनएच-9 की लेन पर जाम रहता है। केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ने लूप बनवाने का आश्वासन दिया है। क्रॉसिंग रिपब्लिक के कमल कुमार ने कहा, केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ने लोगों की मांग पूरी की है। मेरठ एक्सप्रेसवे पर लूप बनाने की पुरानी मांग है। लूप बनने से बड़ी संख्या में वाहन चालकों और लोगों को को लाभ मिलेगा। इसके बनने के बाद स्थानीय लोग जाम में फंसे बिना सफर कर सकेंगे। लूप बनने का काम जल्दी शुरू होना चाहिए। केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ने कहा, लोगों की मांग पर मेरठ एक्सप्रेसवे पर लाल कुआं और एबीईएस के पास लूप बनाए जाएंगे। इनका डिजाइन तैयार करा लिया है। जल्दी सभी औपचारिकता पूरी कर काम शुरू कराया जाएगा एनएच-9 पर रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को राहत नहीं मिल रही। एनएच-9 की लेन पर सुबह और शाम वाहनों का दबाव बढ़ने से जाम रहता है। इस कारण परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं रोक के बाद हाईवे पर ऑटो और ई-रिक्शा चलते हैं।

# जाति जनगणना नीतीश कुमार के तरकश का आखिरी तीर या 2024 में पलट देंगे बाजी?

**नई दिल्ली।** 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजय रथ को रोकने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी एकजुटता का आह्वान किया, जिसमें अधिकांश विपक्षी दल साबित हुए। इसके बाद उन्होंने जाति गणना की रिपोर्ट को जारी करके अपनी मंशा को उजागर कर दिया है। उनके इस कदम से सत्ता पक्ष को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। भारत में जाति इतना संवेदनशील मुद्दा है कि यह महिला आरक्षण जैसे मुद्दे पर भारी साबित हो सकता है। हालांकि, राष्ट्रवाद ऐसा मुद्दा है जिसके सामने यह नहीं टिक पाता है और बीजेपी खुलकर इस मुद्दे को भुनाती है।

अब बात नीतीश कुमार की। वह ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिनके पास सिर्फ 48 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। बिहार विधानसभा में वह तीसरी बड़ी पार्टी हैं। उन्होंने अपनी प्रासंगिकता को बनाकर रखा है, जो कि उनकी राजनीति करने का स्टाइल है। यही कारण है कि नीतीश कुमार जिस जाति (कुर्मी) से आते हैं, वह बिहार की आबादी में मात्र 2.87 प्रतिशत है। इसके बावजूद वह करीब 18 वर्षों से मुख्यमंत्री बने हुए हैं।

नीतीश कुमार को एक कुशल रणनीतिकार और सोशल राजनीति में माहिर खिलाड़ी माना जाता है। जाति गणना को उनके मास्टरस्ट्रोक के तौर पर देखा जा रहा है। बिहार की राजनीति की समझ रखने वाले



लोगों का कहना है कि जाति गणना करवाकर नीतीश कुमार ने बिहार से लेकर दिल्ली तक अपनी प्रासंगिता को बढ़ाया है, बल्कि अपने साथी राजद को भी नियंत्रित करने की कोशिश की है। आपको बता दें कि राजद के कई नेता दबी जुबान तेजस्वी यादव के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी की लगातार मांग कर रहे हैं।

**जाति गणना राजद को नियंत्रित करने का तरीका**

जेडीयू के अलावा नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार में राजद, कांग्रेस और वाम दलों का एक समूह शामिल है। 2020 का विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ गठबंधन में लड़ने के बाद नीतीश ने 2022 में राज्य के विपक्षी गुट से हाथ मिला लिया। बिहार विधानसभा में राजद सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन जाति सर्वेक्षण के साथ नीतीश कुमार ने अपनी ताकत बढ़ा ली है। उन्होंने दोहराया है कि वह सिर्फ कुर्मियों के नेता नहीं हैं, बल्कि अत्यंत पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के भी नेता हैं। जाति सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार की आबादी में ईबीसी का प्रतिशत 36 है। वहीं, बिहार की आबादी में 14 प्रतिशत यादव हैं। राजद यादव-मुस्लिम गठबंधन पर निर्भर है, लेकिन यहां भी नीतीश कुमार ने जाति सर्वेक्षण से सेंध लगाने की कोशिश की है।

**नीतीश की मुसलमानों को लुभाने की कोशिश**

इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार के वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह कहते हैं, मुसलमानों को ईबीसी में शामिल कर नीतीश कुमार ने मुस्लिम राजनीति के पिच पर खेलने की कोशिश की है। वह पसमांदा मुस्लिम के एक वर्ग को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। यही कारण है कि नीतीश कुमार ने पसमांदा मुसलमानों के नेता अली अनवर अंसारी को आगे बढ़ाया। इससे राजद का महत्वपूर्ण वोट बैंक मुस्लिम छिटक सकता है। इस जाति सर्वेक्षण से नीतीश को उम्मीद है कि वह राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ईबीसी के बीच अपनी स्थिति मजबूत कर लेंगे। नीतीश कुमार के सत्ता में रहने के लिए ईबीसी महत्वपूर्ण रहे हैं और उन्होंने 2005 से कल्याणकारी योजनाओं के साथ इस वोट आधार को पोषित किया है। आपको बता दें कि तमिलनाडु, कर्नाटक और यहां तक कि केंद्र सरकार ने भी जाति सर्वेक्षण कराए थे, लेकिन किसी का भी नतीजा सामने नहीं आया। बिहार पहला राज्य है जिसने 2 अक्टूबर को अपने जाति सर्वेक्षण के परिणाम घोषित कर दिया।

**क्या राष्ट्रीय राजनीति में वापस आ गए नीतीश?**

बिहार की राजनीति में एक कोने में सिमटे नीत कुमार राष्ट्रीय मंच पर भी हाशिए पर धकेले जा थे। इस बात की संभावना है कि जाति जनगणन उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में एक मौका दे दिया है। नी कुमार के प्रधानमंत्री बनने के सपने की भी खूब च होती है, लेकिन उन्होंने कभी इस बारे में खुलकर नहीं की है। इंडिया गठबंधन की हाल की कुछ बैठ में नीतीश कुमार को दरकिनार कर दिया था। स्थिति बदलने की पूरी संभावना है। कांग्रेस को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा कि इंडिया गठब में नीतीश कुमार को कौन सा पद दिया जाए। 20 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के अंत नीतीश कुमार को सतर्क कर दिया। अब वह ज गणना के जरिए ईबीसी को वापस आकर्षित करने प्रयास कर रहे हैं। संतोष सिंह कहते हैं, %%नी 2019 की हार के बाद अपनी ईबीसी राजनीति फिर से शुरू कर रहे हैं। फिलहाल नीतीश कुमा एक तीर से एक नहीं बल्कि कम से कम तीन शि किए हैं। उन्होंने पार्टी के आंतरिक मुद्दे को संभाला राजद की धमकी का भी जवाब दिया है। इसके स ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रासंगिता को मज किया है।

## बेकाबू ट्रक ने राहगीरों को रौंदा, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में शुजालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अकोदिया रोड पर शुक्रवार देर शाम भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मारने के बाद रोड किनारे चल रहे राहगीरों को रौंद दिया। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की। मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे। शुजालपुर थाना पुलिस के अनुसार, ग्राम खेड़ीनगर निवासी एक ही परिवार के पांच लोग अपने खेत पर काम करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान शुजालपुर-अकोदिया रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली से टकराने के बाद एक बेकाबू ट्रक ने चार लोगों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे में



एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसे के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग गया।

शुजालपुर एसडीएम सत्येंद्रसिंह ने बताया कि हादसे में लीलाबाई (65) पत्नी गणपतसिंह, अमन बरोलिया उम्र 25 वर्ष, उसकी गर्भवकी पत्नी वर्षा उम्र 23 वर्ष और उनका भांजे 12 वर्षीय नैतिक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में राहुल का नाम का एक युवक घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद मौके पर काफी भीड़ लग गई थी। पुलिस और प्रशासन ने मामले को शांत कराया। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाए गए हैं। पुलिस द्वारा ट्रक जब्त कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि हादसे स नाराज लोगों ने ट्रक में आग लगाने की कोशिश भी की। शाजापुर कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि हादसा बहुत ही दुखद है। पुलिस, प्रशासन और चिकित्सा टीम काम कर रही है। हमारे द्वारा मामले मं नियमानुसार आर्थिक सहायता भी दी जा रही है।

## एशियन गेम्स में भारत की 'सेंचुरी' प पीएम मोदी ने दी बधाई

### 10 अक्टूबर को खिलाड़ियों से मिलेंगे

**नई दिल्ली।** चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स 2023 में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत की महिला कबड्डी टीम ने मैच में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। महिला टीम के गोल्ड मेडल जीतने के बाद भारत ने 100 मेडल का आंकड़ा छू लिया है। इस पल पर पूरे देश को गर्व है, क्योंकि अब तक किसी भी एशियन गेम्स में भारत ने 100 का आंकड़ा नहीं छुआ था। मालूम हो कि एशियन गेम्स के खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अक्टूबर को खास मुलाकात



करेंगे। इस दौरान वे उन सभी खिलाड़ियों से मिलेंगे, जिन्होंने भारत का नाम ऊंचा किया है और इसको ऐतिहासिक गेम्स बना दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि एशियाई खेलों में भारत के 100 पदक हासिल करना एक उपलब्धि है।

**पीएम मोदी ने किया पोस्ट**

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, एशियाई खेलों में भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि! भारत के इस बात से रोमांचित हैं कि हम 1 पदकों की उल्लेखनीय उपलब्धि पहुंच गए हैं। मैं अपने अभूत एथलीटों को हार्दिक बधाई देता जिनके प्रयासों से भारत को ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई पीएम मोदी ने कहा, प्रत्ये विस्मयकारी प्रदर्शन ने इतिहास है और हमारे दिलों को गर्व से दिया है। मैं 10 तारीख को ह एशियाई खेलों के दल की मेजब करने और हमारे एथलीटों के स बातचीत करने के लिए उत्सुक हू

## प्रौद्योगिकी कानूनी व्यवस्था का हिस्साः सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि प्रौद्योगिकी अब पसंद का विषय नहीं, बल्कि कानूनी प्रणाली का हिस्सा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की अनुमति नहीं देने के फैसले के खिलाफ वकील सर्वेश माथुर की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सभी उच्च न्यायालयों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि बार के किसी भी सदस्य को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं या हाइब्रिड सुविधा के माध्यम से सुनवाई में भाग लेने से वंचित न किया जाए, क्योंकि प्रौद्योगिकी कानूनी किताबों की तरह ही कानूनी व्यवस्था का एक हिस्सा है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के सभी न्यायाधीशों को यह महसूस करना होगा कि प्रौद्योगिकी अब पसंद का विषय नहीं है। यह कानूनी प्रणाली का हिस्सा है। पीठ ने कहा, हमें सूचित किया गया है कि बॉम्बे उच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय से सभी वीडियो उपकरण रद्द कर दिए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म के जरिए कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पीठ ने महाराष्ट्र के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ से पूछा, हमें बताएं! देश के प्रमुख वित्तीय केंद्रों में से एक उच्च न्यायालय प्रौद्योगिकी के मामले में इतना पीछे क्यों है? पीठ ने कहा, हमारे पास अदालत कक्ष में इंटरनेट होना चाहिए। उच्च न्यायालय परिसर में इंटरनेट सुविधाएं होनी चाहिए, जैसा कि शीर्ष अदालत में उपलब्ध है। पीठ ने इस पर निराशा व्यक्त की कि कई उच्च न्यायालय केंद्र द्वारा धन आवंटित किए जाने के बावजूद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने में विफल रहे हैं। पीठ ने कहा कि इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय काफी पीछे नजर आ रहा, जबकि केरल और उड़ीसा प्रौद्योगिकी को अपनाने में अन्य उच्च न्यायालयों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। पीठ ने देशभर के सभी उच्च न्यायालयों और न्यायाधिकरणों में सुविधा की उपलब्धता और इसके उपयोग की जांच करने का निर्णय लिया।

## जी20 के बाद पी20 की तैयारी में जुटा भारत, 13 अक्टूबर को पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** जी-20 देशों के राष्ट्र प्रमुखों के शिखर सम्मेलन के बाद भारत अब अगले हफ्ते इन देशों के संसदीय सम्मेलन पी-20 की मेजबानी करेगा। इसमें वैश्विक मुद्दों का लोकतांत्रिक ढांचे में समाधान निकालने के तौर-तरीकों पर चर्चा होगी। खास बात यह है कि कनाडा के साथ जारी तनातनी के बीच कनाडाई संसद सीनेट के अध्यक्ष भी इस सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा के दौरान कहा कि सम्मेलन से इतर कनाडाई संसद के अध्यक्ष के साथ सभी आपसी मुद्दों को उठाया जाएगा। इस सम्मेलन में जी-20 सदस्य देशों के साथ 10 आमंत्रित देशों के 25 स्पीकर और 10 डिप्टी स्पीकर के अलावा इन देशों के 50 से अधिक सांसद भी शामिल होंगे।

**पी 20 की तैयारियों में जुटा भारत**-जी-20 देशों का नौवां पी-20 सम्मेलन 13-14 अक्टूबर को द्वारका में नवनिर्मित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में होगा जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 अक्टूबर



करेंगे। स्पीकर ओम बिरला ने मीडिया को बताया कि सम्मेलन में पैन अफ्रीकी संसद के अध्यक्ष पहली बार भारत में पी-20 सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि भावना के साथ भारत का लक्ष्य अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण और न्यायसंगत विश्व की दिशा में जटिल वैश्विक मुद्दों का सर्वसम्मति पर आधारित समाधान प्रदान करना है। संसदीय सम्मेलन के दौरान चार उच्चस्तरीय सत्रों का आयोजन किया जाएजा जिसमें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए एजेंडा 2030 के लक्ष्य को गति देना, सतत ऊर्जा परिवर्तन- हरित भविष्य के प्रवेश द्वार।

**लैंगिक समानता को मुख्यधारा में लाना**-महिल सशक्तीकरण एवं महिलाओं के नेतृत्व में विकास अं सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीव में परिवर्तन विषय हैं। इससे पूर्व 12 अक्टूबर को लाइफ पर्यावरण के लिए जीवन शैली पर एक संसदीय फोर आयोजित किया जाएगा।

कनाडा के साथ तनाव के मद्देजर उसकी संसद के अध्य के साथ खालिस्तान समर्थक आतंकी का मुद्दा उठाए जाने के सवाल पर बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान तय विषयों प चर्चा होगी, लेकिन अनौपचारिक बातचीत में सभी मुद्दे उठा जाएंगे। अमेरिकी सीनेट के अध्यक्ष को हटा दिए जाने के बा वहां का प्रतिनिधित्व करने के सवाल पर स्पीकर ने कहा कि अमेरिकी संसद के विदेश विभाग के अध्यक्ष इसमें शामिल हो के लिए आ रहे हैं और अगर वहां नए अध्यक्ष नियुक्त हो ग तो वह भी आ सकते हैं।

# पीएम और नरेंद्र मोदी स्टेडियम को उड़ाने की धमकी, बदले में लॉरेंस बिश्नोई को छोड़ने की मांग

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को धमकी भरा एक मेल आया है। इसमें प्रधानमंत्री और अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम को धमाके से उड़ाने की वार्निंग दी गई। गुरुवार रात मिले इस मेल में सेंडर ने इसके बदले भारत सरकार से 500 करोड़ रुपये की मांग की है। साथ ही कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को रिहाई भी मांगी गई है। मालूम हो कि बिश्नोई दिल्ली की मंडोली जेल में बंद है और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में

से ही अपने लोगों को तैनात कर दिया है। पुलिस के अनुसार, यह धमकी भरा मेल राष्ट्रीय जांच एजेंसी को भेजा गया था जिसकी सूचना उसने मुंबई पुलिस को दी है। माना जा रहा है कि यह मेल यूरोप से भेजा गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया, %एनआईए से हमें ईमेल मिला है। इसे लेकर हमने सभी संबंधित एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। हमें वह ईमेल आईडी भी मिली है जिससे एनआईए को ईमेल



क्रिकेट मैचों की सुरक्षा की समीक्षा की जाएगी और जरूरत पड़ी तो सिक्योरिटी बढ़ाई जा सकती है।

**अगर सरकार ने हमें 500 करोड़ रुपये नहीं दिए तो**...धमकी भरे मेल में कहा गया, अगर सरकार हमें 500 करोड़ रुपये देने और लॉरेंस बिश्नोई को रिहा करने में विफल रही तो हम नरेंद्र मोदी और नरेंद्र मोदी स्टेडियम को भी उड़ा देंगे। हिंदुस्तान में तो सब कुछ बिकता है और

ईमेल पर ही करो। गौरतलब है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू भी विश्व कप मैचों पर हमले की धमकी दे चुका है। पन्नू के खिलाफ पहले से ही मामला दर्ज है। उसने तीन सप्ताह पहले ही शाहीद निजार की हत्या का बदला लेने की धमकी दी थी।

**पन्नू ने विदेशी नंबर से रिकॉर्ड किए गए भेजे मैसेज**-अहमदाबाद पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने स्वद्धक

शाखा के उप निरीक्षक एचएन प्रजापति ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में गया, %संज्ञान में आया है कि कई लोगों फोन नंबर +447418343648 से प से रिकॉर्ड धमकी भरा संदेश मिला जिन-जिन लोगों को यह संदेश मिल उनमें से कई ने विभिन्न माध्यमों के ज पुलिस को इसकी शिकायत की है। मोब फोन उपयोगकर्ता के कॉल उठाने के बजने वाले पहले से रिकॉर्ड किए गए स

## एशियाई खेल : भारतीय महिला कबड्डी टीम ने जीता स्वर्ण

**हांगझू।** भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शनिवार को हांगझू में 19वें एशियाई खेलों में महिला टीम कबड्डी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय कबड्डी खिलाड़ियों ने शनिवार को चीनी ताइपे के खिलाफ 26-25 से जीत हासिल कर महिला टीम कबड्डी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। अपने अभियान के शुरुआती मैच में दोनों टीमों ने 34-34 से टाई खेला था। एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण पदक मैच में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ 14-9 की बढ़त ले ली। भारतीय रेडरों ने पहले हाफ में छह बोनस अंक हासिल किए। दूसरे हाफ में चीनी ताइपे ने बढ़त बनाई और 16 अंक हासिल किए, जबकि भारतीय 12 अंक ही हासिल कर पाए. हालांकि, दूसरे हाफ में भारतीय रेडरों ने दो बोनस अंक हासिल किए। लेकिन अंत में, पहले हाफ में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण भारतीय टीम ने जीत हासिल की। इससे पहले गुरुवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने नेपाल को 61-17 से हराकर महिला कबड्डी के फाइनल में जगह बनाई थी.

### एशियाई खेलः अदिति गोपीचंद स्वामी ने कंपाउंड तीरंदाजी महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

**हांगझोउ।** भारतीय तीरंदाज अदिति गोपीचंद स्वामी ने शनिवार को हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में महिला कंपाउंड तीरंदाजी महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक




जीता। गोपीचंद ने कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में इंडोनेशिया के रतिह ज़िलिज़ति फादली को 146-140 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया। अदिति ने पहले सेट से ही खेल पर अपना दबदबा बना लिया जबकि इंडोनेशियाई खिलाड़ी पिछड़ गई और अंततः पदक की दौड़ से बाहर हो गई। अदिति ने निरंतरता बनाए रखी और पहले तीन सेटों में 29 अंक बनाए। चौथे गेम में उन्होंने 30 अंक हासिल किए और इसके बाद आखिरी सेट में 29 अंक हासिल किए।

भारतीय तीरंदाज ने खेल में भारत के प्रभुत्व को दर्शाते हुए पहले सेट से अच्छी बढ़त बनाए रखी। इस बीच, उभरती हुई भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कंपाउंड तीरंदाजी महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में दक्षिण कोरिया की चैवोन को 149-145 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत फिलहाल कुल 100 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। इन 100 पदकों में 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य पदक शामिल हैं।

### एशियाई खेल : भारतीय पहलवान किरण, सोनम और अमन ने जीता कांस्य पदक

**हांगझू।** भारतीय पहलवान किरण बिश्नोई, सोनम मलिक और अमन ने एशियाई खेलों में भारत के लिए कांस्य पदक हासिल किया। किरण ने महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल में मंगोलिया की अरियुंजरगा गनबत को 6-3 से हराकर कांस्य पदक जीता।

वहीं, अमन ने पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर चीन के मिंगु लियू को हराकर कांस्य पदक जीता। 20 साल के अमन ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर चीन के मिंगु लियू को 11-0 से हराया। इससे पहले सोनम ने महिलाओं की 62 किग्रा फ्रीस्टाइल में चीन की जिया लॉन्ग को 7-5 से हराकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। बता दें कि अमन को पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा सेमीफाइनल में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जापानी पहलवान तोशीहिरो हसेगावा के खिलाफ 10-12 से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्हें कांस्य पदक मुकाबले में उतरना पड़ा, वहीं, शुक्रवार को लगातार 10-0 से जीत दर्ज करने वाली सोनम सेमीफाइनल में कोरिया गणराज्य की मुन ह्योंगयोंग से 0-7 से हार गईं। इस बीच, किरण भी अपना सेमीफाइनल मुकाबला कजाकिस्तान की झामिला बाकबर्गेनोवा से 4-2 से हार गईं थीं। भारत ने अब तक एशियाई खेलों में कुल 93 पदक जीत लिये हैं, जिनमें 21 स्वर्ण, 33 रजत और 39 कांस्य पदक शामिल हैं।

## भारत का एशियाई खेलों में शतक पूरा

**हांगझू।** भारत ने एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए आज पदकों का शतक पूरा कर झंडा ऊंचा कर दिया। 19वें एशियाई खेलों में शनिवार को भारतीय महिला कबड्डी टीम ने यहां स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ 26-25 से जीत हासिल की। भारत फिलहाल कुल 100 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर है।एशियाई खेलों का आज 14वां दिन है। पिछले 13 दिन में भारत ने कुल 95 पदक जीते थे। यह एशियाई खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत को पहले दिन पांच, दूसरे दिन छह, तीसरे दिन तीन, चौथे दिन आठ, पांचवें दिन तीन, छठे दिन आठ, सातवें दिन पांच, आठवें दिन 15, नौवें दिन सात,



दसवें दिन नौ, 11वें दिन 12, 12वें दिन पांच और 13वें दिन नौ पदक मिले थे। आज भारत के पदकों की संख्या 100 के पार जानी तय है। भारत के पास अभी 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य पदक हैं।

## एशियाई खेलः प्रवीण ओजस, अभिषेक वर्मा ने पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में स्वर्ण और रजत पदक जीता

**हांगझू।** प्रवीण ओजस देवताले और अभिषेक वर्मा ने शनिवार को 19वें एशियाई खेलों में पुरुषों की कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। प्रवीण ने अभिषेक को 149-147 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इन पदकों के साथ, भारत के पास तीरंजादी में अब कुल 9 पदक हो गए हैं, जिनमें कंपाउंड तीरंदाजी में 6 स्वर्ण शामिल हैं। यह कंपाउंड तीरंदाज़ी स्पर्धा में भारत द्वारा दर्ज किया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शनिवार को तीरंदाजी और अन्य स्पर्धाओं में पदकों के साथ, भारत ने इस एशियाड में 100 पदक हासिल करने का अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है। हांगझू खेलों में भारत की पदक संख्या वर्तमान में 100 है, जिसमें 25 स्वर्ण, 35







रजत और 40 कांस्य पदक शामिल है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने अपने आधिकारिक हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, कंपाउंड तीरंदाज प्रवीण ओजस देवतले (खेलो इंडिया एथलीट) और अभिषेक ने एशियाई खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। यह भारत के लिए 8वां और 9वां पदक है और कंपाउंड तीरंदाजी में छठा स्वर्ण पदक, जो एशियाई खेलों में अब तक की सर्वोच्च पदक संख्या है।आप दोनों को बहुत-बहुत बधाई।

## एशियाई खेलः ज्योति सुरेखा ने महिला कंपाउंड तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता

**हांगझू।** भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शनिवार को 19वें एशियाई खेलों में महिला कंपाउंड तीरंदाजी में स्वर्ण पदक हासिल किया। उभरती हुई भारतीय तीरंदाज ने दक्षिण कोरिया के चैवोन सो को 149-145 के अंतर से हराया। शनिवार को अपनी जीत के साथ, वेन्नम ने अब कुल तीन स्वर्ण पदक हासिल कर लिए हैं, जिसमें तीरंदाजी कंपाउंड महिला टीम और मिश्रित टीम कंपाउंड तीरंदाजी पदक शामिल हैं।

इस बीच, अदिति गोपीचंद ने भी महिलाओं की कंपाउंड तीरंदाजी में इंडोनेशिया की रतिह




ज़िलिज़ती फधली को 146-140 के अंतर से हराकर रजत पदक हासिल किया।

ज्योति, अदिति और परनीत की तिकड़ी ने तीरंदाजी कंपाउंड महिला टीम स्पर्धा में चीनी ताइपे की यी-ह्सुआन चेन, आई-जौ हुआंग और लू-यून वांग को 230-229 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

ज्योति सुरेखा और प्रवीण ओजस देओताले ने इन खेलों में दक्षिण कोरिया के चैवोन सो और जाहून जू के खिलाफ फाइनल में जीत हासिल करने के बाद मिश्रित टीम कंपाउंड तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता।

## ओडिशा सरकार का बड़ा ऐलान, स्वर्ण पदक विजेता हॉकी खिलाड़ियों और स्टाफ को मिलेंग इतने लाख रुपए

**भुवनेश्वर।** एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरूष हॉकी टीम को बधाई देते हुए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हर खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य को पांच पांच लाख रुपए नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया है। पटनायक ने शुक्रवार को कहा कि एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली टीम को उनके इस प्रदर्शन के सम्मान में यह पुरस्कार दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉल के जरिये खिलाड़ियों से बात भी की। उन्होंने कहा, 'भारतीय पुरूष हॉकी टीम को बधाई। उनके समर्पण और अथक परिश्रम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हॉकी वाकई भारत का खेल है।

ओडिशा में हमारे दिलों में हॉकी की खास जगह है और यह ऐतिहासिक दिन हमारी स्मृतियों में हमेशा रहेगा। पेरिस ओलंपिक के लिए टीम को शुभकामना।' ओडिशा 2018 से भारतीय हॉकी टीमों का प्रायोजक है।

## पीएम मोदी ने एशियाई खेलों में 100 पदक हासिल करने पर की भारतीय दल की सराहना, कहा-यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि

**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चीन के हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में 100 पदक हासिल करने के अपने लक्ष्य को पार करने पर भारतीय दल को बधाई दी।

पीएम मोदी ने एक्स पर 19वें एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय एथलीटों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

शनिवार को कबड्डी फाइनल में भारतीय महिलाओं द्वारा चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही देश बहु-खेल प्रतियोगिता में 100 पदकों की संख्या तक पहुंच गया। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट के माध्यम से जानकारी दी कि वह 10 अक्टूबर को एशियाई खेलों में भारतीय दल की मेजबानी करेंगे, उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से उन एथलीटों के साथ बातचीत करेंगे, जिन्होंने देश को 100 तक पहुंचने में मदद करने के लिए व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन के साथ 19वें एशियाई खेलों में भारत को गौरवान्वित किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया,एशियाई खेलों में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि! भारत के लोग रोमांचित हैं कि हम 100 पदकों की एक उल्लेखनीय उपलब्धि तक पहुंच गए हैं। मैं अपने अभूतपूर्व एथलीटों को हार्दिक बधाई देता हूं जिनके




प्रयासों से भारत के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। हर कोई आश्चर्यचकित है। प्रेरणादायक प्रदर्शन ने इतिहास रच दिया है और हमारे दिलों को गर्व से भर दिया है। मैं 10 तारीख को हमारे एशियाई खेलों के दल की मेजबानी करने और हमारे एथलीटों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। एशियाई खेलों 2023 में स्वर्ण पदक मैच में महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे 26-25 से हराकर भारत के लिए 25वां स्वर्ण पदक जीता और देश की पदक संख्या 100 तक पहुंच गई।

## चेपॉक में शानदार है ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** मेजबान भारत अपने वनडे विश्व कप 2023 अभियान की शुरुआत रविवार 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 5 बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से करेगा। चेपॉक पारंपरिक रूप से स्पिनरों के अनुकूल स्थल के रूप में जाना जाता है। जिस ट्रैक पर भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया का खेल खेला जा रहा है, उसके रैंक-टर्नर होने की उम्मीद है और स्पिन द्वारा संभावित परीक्षण से पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

भारत अंतिम एकादश में तीन स्पिनरों - कुलदीप यादव, रवींद्र जड़ेजा और रविचंद्रन अश्विन के साथ उतर सकता है, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने नेट्स में स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपने कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित किया। डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ और कंपनी जैसे लोगों ने एडम जम्पा, डी' आर्सी शॉर्ट, मार्नस लाबुशाने और अन्य स्थानीय नेट गेंदबाजों जैसे अपने ही ट्विकर्स का सामना किया। टर्निंग ट्रैक पर ऑस्ट्रेलियाई टीम को गेंद को अंतराल में भेजकर स्कोरबोर्ड को टिके रखने के महत्व को पता है क्योंकि सीमाएं बनाना मुश्किल हो सकता है। नेट्स में स्पिनरों ने ज्यादातर गेंदबाजी की, लेकिन



तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी अन्य स्थानीय तेज गेंदबाजों के साथ कुछ समय तक गेंदबाजी की।

'मेन इन येलो' का जन्म और पालन-पोषण भले ही घर में तेज और उछाल भरी पिचों पर हुआ हो, लेकिन वे उपमहाद्वीप के बाहर के कुछ अन्य देशों की तुलना में स्पिन को बेहतर ढंग से खेलते हैं। चेपॉक में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड विभिन्न परिस्थितियों में उनकी अनुकूलन क्षमता को बताता है और यह भी बताता है कि वे शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देशों में से एक क्यों हैं।

**ऑस्ट्रेलिया और भारत का रिकॉर्ड**

आयोजन स्थल पर 6 मैचों में ऑस्ट्रेलिया 5 जीतने में सफल रहा और केवल एक बार हारा है। इस बीच भारत ने चेपॉक पर 14 मैच खेले हैं, जिनमें से सात में जीत और छह में हार मिली है। इनमें से एक खेल बिना किसी परिणाम के समाप्त हुआ।

**संभावित प्लेइंग 11**

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह

ऑस्ट्रेलियाः डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी/जोश इंग्लिस, एडम ज़म्पा, मिशेल स्टार्क, सीन एबॉट, पैट कमिंस (कप्तान)

## एशियन गेम्सः टीम शतरंज : 2 रजत पदक की ओर बढ़ा भारत

**हांगझाओ , चीन।** एशियन गेम्स के टीम शतरंज मुकाबलों में सात राउंड के बाद भारत की पुरुष और महिला दोनों टीम रजत पदक की ओर बढ़ती नजर आ रही है । भारत पुरुष वर्ग में ईरान से तो महिला वर्ग में चीन से सिर्फ एक मैच अंक पीछे चल रहा है और क्यूंकी शीर्ष पर चल रही टीमें अधिकतर प्रमुख टीमों से मुक़ाबला खेल चुकी है भारत के लिए पहले स्थान पर आना मुश्किल नजर आ रहा है ।

पुरुष वर्ग में भारतीय टीम नें आज चौंथे बोर्ड पर अर्जुन एरिगासी की ट्रान मिन्ह पर शानदार जीत के चलते वियतनाम को 2.5-1.5 से पराजित किया । फले बोर्ड पर डी गुकेश , दूसरे बोर्ड पर आर प्रज्ञानन्दा और तीसरे



बोर्ड पर विदित गुजराती नें अपने मुक़ाबले ड्रॉ खेले अब कल भारत का मुक़ाबला अपेक्षाकृत कमजोर टीम कोरिया से होगा जबकि सबसे आगे चल रहे ईरान को फिलीपींस टक्कर देगा । 7 राउंड के बाद ईरान 12 तो भारत 11 अंक बनाकर अंक तालिका में पहले दो स्थान पर चल रहे है । महिला वर्ग में आज भारत नें कजाकिस्तान से बाजी ड्रॉ खेली और इसके साथ ही चीन 13 अंको के साथ पहले स्थान पर मजबूत हो गया है । भारत के लिए दूसरे बोर्ड पर हरिका द्रोणावल्ली नें एकमात्र जीत दर्ज की और कमालीदेनोवा मेरुर्ट को मात दी जबकि पहले बोर्ड पर कोनेरु हम्पी और चौंथे बोर्ड पर वन्तिका अग्रवाल ने बाजी ड्रॉ खेली । तीसरे बोर्ड पर वैशाली आर को अब्दुमालिक ज़्हंसाया से हार का सामना करना पड़ा । फिलहाल 7 राउंड के बाद भारत 11 अंको के साथ दूसरे स्थान पर है और कल हॉंग कॉंग से जीतकर टीम अपना रजत पदक पक्का कर सकती है ।

## पाकिस्तानी मीडिया को वीजा देना BCCI का काम, वह प्रयास कर रहा है : आईसीसी

**हैदराबाद।** पाकिस्तानी प्रशंसकों और मीडिया को वीजा दिए जाने में देरी पर पीसीबी द्वारा फिर निराशा जताये जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा कि बीसीसीआई भारत में विश्व कप की कवरेज के लिए आने का इंतजार कर रहे पाकिस्तानी पत्रकारों को वीजा दिलाने के लिए प्रयास कर रहा है। करीब 60 पाकिस्तानी पत्रकार विश्व कप कवर करने भारत आने का इंतजार कर रहे हैं।

नीदरलैंड के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में पाकिस्तान को काफी घरेलू समर्थन मिला लेकिन पाकिस्तान का कोई




पत्रकार या प्रशंसक मौजूद नहीं था। कराची में जन्मे मोहम्मद बशीर अमेरिकी नागरिक हैं और यहां पाकिस्तान की हौसलाअफजाई के लिए आए हैं। आईसीसी विश्व कप का आयोजक है तो बीसीसीआई मेजबान। आईसीसी प्रवक्ता ने कहा, 'वीजा दिलाना मेजबान बीसीसीआई का काम है और हमारे पूरे सहयोग के साथ वह इस पर काम कर रहा है। इस मसले को सुलझाने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। पीसीबी के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हम आईसीसी को बार बार याद दिला रहे हैं कि प्रशंसकों और पत्रकारों को वीजा दिलाना उसका दायित्व है। हम आगे भी यह मसला उठाते रहेंगे। आईसीसी विश्व कप में पाकिस्तान का पहला मैच कवर करने के लिए भारतीय वीजा को लेकर अनिश्चितता की स्थिति देखकर निराशा हुई।' पाकिस्तानी पासपोर्ट धारक का वीजा आवेदन भारत में गृह, विदेश और खेल मंत्रालय से होकर गुजरता है।

## राहुल द्रविड़ ने की पुष्टि- शुभमन बेहतर महसूस कर रहे, WC ओपनर से नहीं हुए बाहर

**हैदराबाद।** टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ (Rahul Dravid) ने पुष्टि की है कि स्टार ओपनर शुभमन गिल (Shubman Gill) को अभी बाहर नहीं किया गया है क्योंकि वह बेहतर महसूस कर रहे हैं। युवा बल्लेबाज को डेंगू का पता चला है और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के क्रिकेट विश्व कप 2023 (Cricket World Cup 2023) के पहले मैच से पहले चेन्नई में प्रशिक्षण सत्र में शामिल नहीं हुए थे।

सुबह तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के लिए शुभमन की उपलब्धता पर संदेह रहा लेकिन द्रविड़ ने कहा है कि अभी भी 36 घंटे बाकी हैं और मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। द्रविड़ ने प्रेस वार्ता में कहा कि शुभमन गिल बेहतर महसूस कर रहे हैं, हमारे पास 36 घंटे हैं, मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है, उन्हें अभी बाहर नहीं किया गया है।

बता दें कि शुभमन इस साल शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वह आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में इस समय नंबर 2 पर हैं। 23 साल



के इस ओपनर ने इस साल 20 मैचों में 1230 रन बनाए हैं और एक ऐतिहासिक दोहरा शतक भी लगाया था। टीम इंडिया ने विश्व कप में पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बीते दिनों हुई वनडे सीरीज में भी शुभमन ने शतक लगाया था।

**विश्व कप 2023 के लिए भारतीय टीमः**

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव ।

**विश्व कप 2023 में भारत का शैड्यूल**

भारत अपने 9 लीग मैच 9 अलग-अलग स्थानों पर खेलेगा। देखें सूची-

8 अक्टूबर : भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, चेन्नई, दोपहर 2 बजे

11 अक्टूबर : भारत बनाम अफगानिस्तान, नई दिल्ली, दोपहर 2 बजे

14 अक्टूबर = भारत बनाम पाकिस्तान, अहमदाबाद, दोपहर 2 बजे

19 अक्टूबर : भारत बनाम बांग्लादेश, पुणे, दोपहर 2 बजे

22 अक्टूबरः भारत बनाम न्यूजीलैंड, धर्मशाला, दोपहर 2 बजे

29 अक्टूबरः भारत बनाम इंग्लैंड, लखनऊ, दोपहर 2 बजे

2 नवंबर : भारत बनाम श्रीलंका, मुंबई, दोपहर 2 बजे

5 नवंबर : भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, कोलकाता, दोपहर 2 बजे

11 नवंबर : भारत बनाम नीदरलैंड, बेंगलुरु, दोपहर 2 बजे

राबडिया विद्यालय के तीन खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन, टीम को किया रवाना

# राबडिया विद्यालय के तीन खिलाड़ी राज्य स्तर पर हनुमानगढ़ में खेलेंगे, खिलाडियों का किया स्वागत

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

**रानी।** जवाली राबडिया स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के तीन खिलाड़ी छात्र-छात्राओं का राज्य स्तर में चयन हुआ । विद्यालय के संस्था प्रधान हनवतसिंह उदावत ने बताया कि जेतपुरा में आयोजित हुई 67वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रा पल्लवी का नेट बॉल प्रतियोगिता में तथा छात्र लक्ष्मण देवासी एवं पूनम का साइकिलिंग प्रतियोगिता में चयन हुआ है। वही खेल प्रभारी लक्ष्मणसिंह राठौड़ तथा टीम प्रभारी प्रियंका परिहार के नेतृत्व में इन खिलाड़ियों का माला पहनकर विद्यालय में स्वागत किया गया। वही राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन एल बी एस मेमोरियल उच्च माध्यमिक विद्यालय पल्लू हनुमानगढ़ में होगी। खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने के लिए रवाना किया। इस मौके पर मुलदान चरण, कुलदीप अग्रवाल, रामेश्वर गुर्जर, पुखराज सीरवी, ताराराम सीरवी, रमेश कुमार डांगी, भीखाराम चौधरी, हंसराम चौधरी, तेजाराम डांगी आदि मौजूद रहे ।



# अचार सहिंता लगने के तुरन्त बाद अम्बाह एसडीओपी रबि भदौरिया व पुलिस ने जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च

## कोई डराए धमकाए या रुपया बांटता नजर आये तो तुरन्त सूचित करें... टीआई आलोक परिहार

**केशब पंडित जी अम्हाह...**

**अम्बाह...** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिह चौहान एवम अतरिक्त पुलिस अधीक्षक अरबिन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में एवम एसडीएम अम्बाह अरबिन्द माहौर व अम्बाह एसडीओपी रवि भदौरिया के निर्देशन एव साथ में थाना प्रभारी आलोक परिहार के द्वारा बिधानसभा चुनाव 2023 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त कराने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता की घोषणा के तुरन्त बाद अम्बाह राजस्व व पुलिस प्रसासन के साथ मिलकर अम्बाह नगर में फ्लैग मार्च निकाला इस दौरान एसडीओपी अम्बाह रवि भदौरिया ने नगर में जगह जगह लोगों से पूछा की ऐसा कोई व्यक्ति तो नहीं हैं, जो अवैध शराब बेच रहा हो कोई अवैध हथियार लेकर तो नहीं घूम रहा एवम वहीं मौके पर साथ मौजूद थाना प्रभारी आलोक परिहार ने लोगो से पूंछा की कोई डरा धमका तो नहीं रहा यदि आप लोगों को कोई बेबजह परेशान कर रहा हो तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाहीं की जाएगी आप लोगों को डरने की कोई आवश्यकता नहीं है हमे ऐसे लोगो की सूची दे हम आपका नाम बताये बिना उनपर कठोर कार्यबाही करेंगे।



# चोरी की रिपोर्ट करने जा रहे युवक को डंपर ने मारी टक्कर, गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** – घर में हुई चोरी की रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने जा रहे युवक की बाइक में डंपर ने टक्कर मारी युवक को गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर कर दिया है जानकारी के अनुसार मनोज बाथम पुत्र बल्ली बाथम उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 2 पंचमपुरा गोहद के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी जिसकी रिपोर्ट लिखाने के लिए युवक मनोज बाथम एक दोस्त की बाईक लेकर थाने जा रहा था युवक जैसे ही किसान राइस मिल के पास पहुंचा तभी डंपर ने टक्कर मारी दी जिससे पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई डाक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए प्राथमिक उपचार देकर ग्वालियर रैफर कर दिया डंपर को पुलिस ने पकड़ कर थाने में रखवाया हैघटनास्थल पर तुरंत पहुंची पुलिस- घटना लगभग एक बजे की बताई जा रही है जहां मुख्य मार्ग पर किसान राइस मिल के पास डंपर ने बाइक में टक्कर मारी जिसकी सूचना जैसे ही पुलिस को लगी गोहद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तथा घायल को बिना देर किए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया घायल युवक की हालत गंभीर देखते हुए तुरंत ग्वालियर रैफर कर दिया





# श्री मारवाड मेघवाल सेवा संस्थान शाखा रानी का प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह सम्पन्न

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

**जवाली।** रानी तहसील के वरकाणा गाँव मे श्री मारवाड मेघवाल सेवा संस्थान शाखा रानी का प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह 8 अक्टूबर रविवार को आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि महंत गणेशनाथ महाराज शिवमठ, सांचौर रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि मुन्नालाल मेंसन (समाजसेवी ढारिया), मदनलाल बोस रिटायर्ड नायब तहसीलदार, दिव्या भटनागर खारड़ा, दुदाराम बोस समाजसेवी घेनडी, ढलाराम चौहान चांचौ?ी, ग्राम विकास अधिकारी रहे। संस्थान के प्रवक्ता अशोक कड़ेला निम्बाड़ा ने बताया कि 56 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें गोल्ड मैडल छात्र वर्ग में 12वीं कक्षा के कुलदीप गर्वा, 10वीं कक्षा के निहल कड़ेला को तथा छात्रा वर्ग में 12वीं में ममता व 10वीं में भव्याशी अरुण को गोल्ड मैडल से नवाजा गया। इस दौरान महंत गणेश नाथ महाराज ने बताया कि समाज को शिक्षा के क्षेत्र में युवा वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। टांग खिंचाई बंद करके हाथ पकड़ कर ऊपर उठाने की जरूरत बताई । नशा मुक्त जीवन जीने की सिख दि। समाज में फैली बुराइयों व कुरीतियों को दूर करके ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है।

**यह भी रहे मौजूद-** प्रतापराम जी गोयल (जिलाध्यक्ष मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान), चौथाराम मेघवाल (अध्यक्ष मारवाड़ जंक्शन), महेंद्र लोंगेशा (अध्यक्ष शाखा देसूरी), कल्लाराम बामणिया (अध्यक्ष शाखा रोहट) एवं लोकेश पंवार (अध्यक्ष पाली शहर) इस दौरान भामाशाह वीरामराम रमैया, सुकनराज अनकिया, चुन्नीलाल वागोना, ढलाराम भाटी, राजाराम परिहरिया, प्रभुराम मेंसन, सोहनलाल जोगावत घेनड़ी, मोतीलाल वागोणा, सुरेश भाटी, सोनाराम सोलंकी, मांगीलाल मोबारसा, तुलसीराम कटारिया, छगन सोलंकी, चुन्नीलाल कडेला, पूनमचंद रांगी, विक्रम राठौड़, शिवलाल लोंगेशा, दाकू परिहार, तुलसीदेवी बागरेचा, नारायण माधोकी, बस्तीमल सोनल, छगन आगलेचा, मगाराम सोनल, पुखाराम वागोना, दिनेश आबूरोड, संस्थान शाखा के अध्यक्ष हंसाराम हटेला, सचिव भानाराम जयपाल, कोषाध्यक्ष मोहनलाल विरायस, खिमाराम खारड़ा, मन्नाराम परमार, रमेश राणावत, लच्छाराम परिहार, मानाराम राठौड़, उम्मेद राम बोस, नारायणलाल परिहार, बुधाराम परिहार, दीपाराम बागरेचा, वालाराम पारंगी, तुलसाराम मकवाना, खरताराम गेहलोत, रामलाल परिहार, फुसाराम गेहलोत, जसाराम आगलेचा, मांगीलाल राठौड़, ओमप्रकाश आदरा, भंवरलाल सोनल, रमेश परिहार, अशोक कडेला, कन्हैया भाटी सहित हजारों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन खरताराम सौलंकी ने किया।





# ज्ञान से ही सच्ची समझ और समझदारी आती है :मुनि राजपद्मसागरजी

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू।** श्री शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्ति पूजक जैन संघ एल एन पुरम श्रीरामपुरम में प्रवचन के दौरान मुनि श्री राजपद्मसागर जी महाराज साहब ने कहा कि सरस्वती की जरूरत सबको पड़ती है उनकी आराधना उनकी साधना करने से उनके नाम का स्मरण करने से उनके नाम का जाप करने से विद्या की प्राप्ति होती है, ज्ञान की प्राप्ति होती है एवं बुद्धि की प्राप्त होती है, आचार्य भगवंत ने भी सरस्वती माता की साधना की है जिन्होंने छोटी ही उम्र में ऐसे सरस्वती माता की साधना करके उनकी आराधना करके शासन के महान कार्य एवं अनेक राजाओं को भी प्रतिबोध किया है और शासन की प्रभाव न की है बप्पभट्टी सुरीश्वरजी महाराज ने भी छोटी ही उम्र में उन्होंने दीक्षा अंगीकार करने के बाद में सरस्वती माता का जाप किया उनका प्रत्यक्ष करके और रोज के 1000 श्लोक को याद करते थे, वैसी सरस्वती माता की शक्ति है कि जो भी व्यक्ति उनका स्मरण करता है उनके नाम का जाप करता है, उनके ऊपर मां शारदे हमेशा आशीर्वाद बरसाती है, और उनकी जिह्वा पर सरस्वती माता का वास रहता है, और वचन सिद्ध हो जाता है, जो भी बोलते हैं वह सच हो जाता है, श्री हेमचंद्राचार्य जी हो या उपाध्याय श्री यशोविजयजी महाराज हो ऐसे महान महान पूर्वाचार्यों ने सरस्वती माता की साधना करके शासन की प्रभावना की है, और अनेक लोगों को धर्म मार्ग में जोड़कर के सही मार्ग दिखाने का काम किया है, बस उसी प्रकार से हमारे संघ में भी 15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक सरस्वती माता का भव्य जाप अनुष्ठान होने जा रहा है ,तो सभी को इस जाप के अंदर आकर के मां सरस्वती की साधना करनी है, और धर्म मार्ग में जुड़ करके अपनी आत्मा का कल्याण करना है, अपनी आत्मा का बोध करना है और मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी महाराज ने भी कहा कि परमात्मा की भक्ति करने के लिए तीन वस्तु चाहिए तीन चीज चाहिए सबसे पहले प्योरिटी यानी शुद्धता हृदय की शुद्धता एवं मन की शुद्धता होनी अनिवार्य है दूसरे नंबर के अंदर क्वालिटी भावों के अंदर क्वालिटी होनी चाहिए और तीसरे नंबर के अंदर स्योरीटी परमात्मा के वचनों के ऊपर पूर्ण श्रद्धा होनी चाहिए भगवान के ऊपर पूरा विश्वास होना चाहिए तभी जाकर के हमारी साधना हमारी पूजा निर्मल बनती है



# भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी प्रियंका पेची ने आज तेली गांव मंडल में जन संपर्क किया

**रिपोर्टर-प्रतीश अग्रवाल**
**पुष्पांजलि टुडे**

**मधुसुदनगढ़**–भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी प्रियंका पैंची द्वारा आज तेली गांव मंडल के मेरिया खेड़ी, नारायण पुरा आदि ग्रामों में जन संपर्क किया। जिसमे प्रियंका पैंची द्वारा केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी ग्रामीणों को घर-घर जाकर बताया इसी के साथ जिन्हे योजनाओं का लाभ मिल रहा है उनसे आग्रह किया की वह भी शासन की योजनाओं से अन्य को भी अवगत कराए और जिन लोगो को शासन की योजनाओं का किसी कारण से लाभ नही मिल पा रहा है उन्हे चिन्हित कर शीघ्र अति शीघ्र लाभ के लिए प्रयास किया जावेगा। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी का एक ही लक्ष्य है प्रत्येक वंचित परिवार को शासन की योजनाओं का लाभ हर स्तिथि में प्राप्त हो। प्रियंका मीना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार नागरिकों के लिए निरंतर काम कर रही है। लाडली बहना जैसी योजना लागू की है। चांचौ?ा क्षेत्र में 67 हजार से ज्यादा लाडली बहनों को योजना का लाभ दिया है। लाडली बहना आवास योजना भी लागू की है, जिसका फायदा बहनों को मिल रही है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता,कार्यकर्ता,एवम सदस्यो में मण्डल अध्यक्ष डालसिंह जादौन, मण्डल उपाध्यक्ष कोमलचंद जैन, मण्डल उपाध्यक्ष बाबूलाल मीना,सोशल मीडिया प्रभारी राहुल मीना,सर्वेश्वर मीना, पवन मीना आदि उपस्थित रहे।



# कोलारस मैं धड़ल्ले से चल रहा सट्टे का कारोबार प्रशासन फैल गणित के स्थान पर सट्टे के अंको में उलझ रहे छात्र

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जिले की कोलारस तहसील मैं खुलेआम सट्टा का खेल चल रहा है। 12 बजते ही सट्टा लगना शुरू हो जाता है और देर रात तक चलता है। खुलेआम चले रहे इस कारोबार पर न तो पुलिस की नजर है और ना ही वह इस पर लगाम कसने का प्रयास कर रहे हैं। यही वजह है कि यह कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय अखबार कई बार सट्टे की खबर लगा कर इस पर प्रतिबंध लगाने की बात कह चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस बात को लेकर नगरवासी में पुलिस के प्रति भारी रोष है ।दरअसल, नगर में पर्ची व ऑनलाइन के सहारे सट्टे का खेल कुछ जगह पर लंबे समय से चल रहा। सट्टे के इस बाजार में जाने वाला हर व्यक्ति अपनी जेब ढीली कर रहा है। दिनों दिन बढ़ते इस कारोबार में सट्टा संचालक मोटी रकम हासिल कर रहे हैं, जिन्हें पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है। बढ़ते सट्टे के कारोबार के चलते आस पास के लोग काफी परेशान हैं। सट्टे व जुए के गोरखधंधे में पुलिस इन सट्टेबाजों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। मोहल्ले में सट्टा खेलने का गोरखधंधा दिनों दिन फल फूल रहा है। सट्टे के कारोबार से नगर मे दिन रात चोरी का बह बना हुआ है जिस कारण महिलाओं को भी बाजार मे चलने से डर लग रहा है जेल कालोनी मै विनोद सिकरवार नाम का युवक इस समय सट्टे का गड़ बना चुका है एस पी रघुवंश सिंह भदौरिया ने सट्टे के खिलाफ मुहिम चलाई है उसके बाद भी कोलारस मै इसका को असर नहीं दिख रहा हे कोलारस विधानसभा एवं नगर में इन दिनों सट्टे का अवैध कारोबार जोर शोर से चल रहा है। एक रुपए को अस्सी रुपया बनाने के चक्कर में खासकर युवा वर्ग अधिक बर्बाद हो रहे हैं। सट्टे के इस खेल को ब?ावा देने सटोरी ग्राहकों को मुफ्त में स्कीम देखने सट्टे नंबर वाले चार्ट उपलब्ध करा रहे हैं। इसका गुणा भाग कर ग्राहक सट्टे की चपेट में बुरी तरह से फंस कर पैसा इस अवैध कारोबार में गंवा रहा है।

# महिला का गला दबा कर हत्या ,लूट के इरादे से घर मैं घुसे थे हत्यारे





**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी -जिले के बैराड़ कस्बे में मंगलवार की दोपहर एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में घर के बरामदे में पड़ा हुआ मिला। महिला के गले व शरीर पर चोट के निशान थे। घर का सामान भी बिखरा हुआ पड़ा था। मृत महिला के पति ने लूट के दौरान हत्या की आशंका जताई है।मृत महिला का नाम चायना शर्मा (35) बताया जा रहा है। चायना शर्मा के पति अजय शर्मा का कहना है कि सुबह के समय में अपने घर से ककरौआ गांव स्थित कियोस्क सेंटर पर चला गया था। मेरे दोनों बच्चे स्कूल में पढ़ने के लिए गए हुए थे। दोपहर करीब 12=30 के लगभग मेरी पत्नी चायना का फोन आया था। उसने बताया कि कोई निमंत्रण देने आया है। लेकिन 10 सेकेंड के भीतर फोन डिस्कनेक्ट हो गया। इसके बाद मेरी पत्नी चायना शर्मा का मोबाइल बंद हो गया। मैंने कई दफा फोन लगाने का प्रयास किया लेकिन फोन नहीं लगा।पति ने बताया कि मैंने कुछ देर बाद अपने पड़ोसी को मेरे घर मेरी पत्नी चायना से फोन पर बात करने के लिए पहुंचाया था। जहां पड़ोसी ने मुझे बताया कि वह बेहोशी के हाल में पड़ी हुई है। इसके बाद में तत्काल घर पहुंचा और पत्नी को जिला अस्पताल लेकर आया। जहां डॉक्टरों ने मेरी पत्नी को मृत घोषित कर दिया।चायना शर्मा के पति अजय शर्मा ने बताया कि मेरी पत्नी गले मे सोने की चेन पहनी हुई थी। वह भी उसके गले में नहीं थी साथ ही उसके गले और शरीर पर चोट के निशान भी थे। घर का सामान बिखरा हुआ पड़ा था साथ ही अलमारी भी खुली हुई पड़ी थी। मेरी पत्नी की घर में लूट के दौरान हत्या कर दी गई।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478